# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार, 25 जून 2025







# नक्सलवाद गरीब आदिवासियों के विकास का सबसे बड़ा दुश्मन, मार्च 2026 तक हम इसे समाप्त करके रहेंगे

*हरिभूमि-आईएनच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम हर हाल में छत्तीसगढ़ को लाल आतंक से मुक्त करके रहेंगे। हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे, लेकिन इस बार बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोका नहीं, बल्कि और तेज गति से चलाया जायेगा। मैं फिर कह रहा हूं कि मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।*

**मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष पूरे किए हैं। इन 11 वर्षों की क्या खास उपलब्धियां रहीं हैं?**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष ऐतिहासिक विकास और परिवर्तन के रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विदेशी साख और गरीब उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। 2014 से पहले का भारत निराशा से घिरा था। जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी योजनाओं में लूट और राजनीति में परिवारवाद का बोलबाला था। लेकिन मोदी सरकार ने आम लोगों, गरीबों, किसानों, महिलाओं और हर जरुरतमंद का ख्याल रखा है। 11 वर्ष पहले देश पूरी तरह से आयात आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप जैसी योजनाओं से मैन्युफैक्चरिंग को गति दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्टर बना। 2013-14 में भारत का कैपिटल एक्सपेंडिचर 1.9 लाख करोड़ रुपए था, वो 11 वर्षों में 5.5 गुना से अधिक बढ़कर 10.46 लाख करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2024-25) हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 7.6 बिलियन डॉलर से पिछले 11 वर्षों में बढ़कर 38.6 बिलियन डॉलर हो गया है। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार 309 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 654 बिलियन डॉलर हो गया है। हाईवे बनाने की प्रतिदिन की रफ्तार 12 किमी. से बढ़कर 21.3 किमी. हो गई है। एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किमी. से 1000 किमी. हो गया है। पिछले 11 साल में 55 करोड़ नए बैंक अकाउंट को खोले गए। इन अकाउंट में 2.61 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। साथ ही नक्सलवाद और आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए गए। तीन नए कानून से साक्ष्य आधारित न्याय सुनिश्चित करने से लेकर डिफेंस एक्सपोर्ट पर जोर दिया गया। मोदी सरकार में कश्मीर से 370 धारा हटाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा गया। चाहे तीन तलाक को खत्म करना हो, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना हो, वक्फ संशोधन या जीएसटी लाना हो, मोदी सरकार के 11 वर्ष ऐतिहासिक परिवर्तन का कालखंड रहा। मोदीजी की सबसे बड़ी उपलब्धि देखें तो, उन्होंने अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ राष्ट्र के आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

**विपक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्र नहीं रहीं। सरकार का शिकंजा इन पर कसा है। इस पर आपकी राय?**

विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस को ऐसी बात करने का हक नहीं है। आपातकाल किसकी देन थी? क्या राहुल गांधी भूल गए कि कैसे आपातकाल लगाकर उनकी दादी ने देश को लगातार 21 माह तक बंधक बनाए रखा था। न्यायपालिका और चुनाव आयोग की शक्तियां छीन ली गई। मनमाने तरीके से कानून संशोधन कर दिए गए। आपातकाल के खिलाफ आंदोलन करने वाले समाजसेवी, महिलाओं, आदिवासी, पिछड़े और विपक्ष के लोगों को जेल में डाल दिया गया। मीडिया के अखबार निकालने पर रोक लगा दी गई। मैं पूछता हूं, आपको लिखने और बोलने की स्वतंत्रता नहीं है क्या?

**विपक्ष तो यह भी कहता है कि ईडी और सीबीआई भाजपाई और उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। कितना सही मानते हैं आप इस आरोप को?**

अगर कोई भ्रष्टाचार करता है, तो उसे इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता है कि वो विपक्ष में है। जो भ्रष्टाचार करेंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। जिनके घर से करोड़ों-अरबों रुपए निकल रहे हैं, क्या उन्हें विपक्ष दल के नेता होने की वजह से छोड़ दें।

**विपक्ष का कहना है कि पड़ोसियों के साथ हमारे संबंध खराब हुए हैं। बांग्लादेश हमसे दूर हो गया है। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते खराब हैं। चीन भी हमसे कटा हुआ है।**

पड़ोसियों के साथ रिश्ते दोनों देशों पर निर्भर करते हैं। पाकिस्तान आतंकवाद फैलाएगा, जम्मू कश्मीर में आतंक को एक्सपोर्ट करेगा, तो भारत कैसे बातचीत कर सकता है?

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर से पड़ोसी देशों के साथ संबंध को लेकर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को कैसे देखते हैं?

ऑपरेशन सिंदूर ने तीन चीजों का परिचय दिया। प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति, सेनाओं की मारक क्षमता व खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी। हमारी सेना ने अपने सभी लक्ष्य को पूरी सटीकता से हासिल किया। आतंकी हमलों के जवाब के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला अभियान था। हमारी जमीन और नागरिकों पर कोई भी हमला करेगा, तो उसे दोगुना ताकत से जवाब दिया जाएगा। हम कांग्रेस नहीं है, जो डरकर बैठ जाएं। भारत पर हमले होते रहें और भारत चुप रहे ये मोदी सरकार में संभव नहीं है। हम गोली का जवाब गोले से देंगे।हमारी सरकार में उरी और पुलवामा हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दोगुनी ताकत से जवाब दिया। जब पहलगाम हुआ, तो पाकिस्तान के 100 किमी अंदर जाकर आतंक के हेडक्वॉर्टर को नेस्तानाबूत कर दिया। हमने मुजफ्फराबाद, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर सहित 9 आतंकी अड्डों को तबाह किया। सुरक्षा एजेंसियों, इनपुट के आधार पर हमारी सेना ने बेहद सटीकता, संयम और धैर्य से पाकिस्तान के केवल आतंकी हेडक्वॉर्टर पर हमला किया। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने उसे खुद पर हमला माना और भारत के निर्दोष नागरिकों पर हमला किया, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस और वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। यह पहली बार है जब भारत ने किसी न्यूक्लियर देश पर सफल ऑपरेशन किया है।






### स्थानीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार पर आपका बहुत जोर रहता है, जो पहले कभी किसी गृहमंत्री का नहीं देखा गया है और हिंदी को लेकर आपका आग्रह बहुत दिखता है। लेकिन तमिलनाडु जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदी इम्पोज करने की बात करते हैं। इस पर आपकी राय क्या है?

देखिए, सभी भारतीय भाषाएं मेरे लिए प्रिय हैं। सभी भारतीय भाषाएं एक दूसरे की सखी हैं। किसी भारतीय भाषा की दूसरी भाषा से स्पर्धा नहीं है, सभी एक दूसरे की पूरक हैं। रही बात तमिलनाडु की, तो तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद में डूबी स्टालिन सरकार अपने घपले-घोटाले छुपाने के लिए भाषा को मुद्दा बना रही है। आपको बताता हूं हमने स्थानीय भाषाओं के लिए क्या क्या कदम उठाए। हमारी सरकार में आई शिक्षा नीति में हमने मातृ भाषा में प्राइमरी, टेक्निकल और मेडिकल शिक्षा का प्रावधान रखा है। अब सीएपीएफ के कांस्टेबल जीडी की परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होती है। जीईई, नीट, यूजीसी की परीक्षाएं भी अब 12 भाषाओं में होती हैं, अब तमिलनाडु का बच्चा अपनी स्थानीय भाषा में भी ये परीक्षाएं दे सकेगा। वहीं इंजीनियरिंग शिक्षा आज तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली, मलयालम, गुजराती में उपलब्ध है और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की किताबें भी हिन्दी में उपलब्ध हैं।

**तमाम विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि बिहार में भाजपा अपने दम पर सरकार बना सकती है। नीतिश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर भी बहुतेरी चर्चाएं होती हैं। क्या बिहार को अगले चुनाव में भाजपा का मुख्यमंत्री मिलने वाला है। एनडीए सरकार बिहार में सरकार बनाने जा रही है।**

देखिए, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के लिए गठबंधन धर्म सर्वोपरि है और भाजपा हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करती है। बिहार में एनडीए बहुत मजबूत है। एनडीए एक साथ चुनाव लड़ेगा और बिहार में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

**पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के आसार देख पा रहे हैं?**

निश्चित ही परिवर्तन होगा। ममता सरकार के भ्रष्टाचार और हिंसा से पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है। भाजपा इस बार अप्रत्याशित प्रदर्शन करने जा रही है।

## कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चला ऑपरेशन था बेहद सफल

**लम्बी प्रतीक्षा के बाद जनगणना की घोषणा हुई, नोटिफिकेशन आया। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि आपने नोटिफिकेशन में जातिगत जनगणना की चर्चा ही नहीं की?**

प्रधानमंत्री मोदी जी और मैंने कई बार कहा है कि जातिगत जनगणना होगी और मैं एक बार फिर कह रहा हूँ कि जनगणना के साथ ही जातिगत जनगणना को भी किया जाएगा। गृह मंत्रालय की तरफ से तीन प्रेस रिलीज 30 अप्रैल, 4 जून और 15 जून 2025 को जारी हुई। इन तीनों में भी कहा गया है कि इस बार की जनगणना में जातीय गणना भी की जाएगी। मैं आपको बता दूं कि जनगणना का नोटिफिकेशन एक तरह से इंटेंट होता है। ऐसे में इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए।

**और कब तक जनगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी? और क्या ये हिंदी और अंग्रेजी में होगी?**

हमारी सरकार टेक्नोलॉजी के उपयोग से जनगणना करेगी, इसलिए पहले जनगणना में जितना समय लगता था, इस बार उससे कम समय लगेगा। जनगणना को लेकर एक ऐप बनाया जा रहा, जो स्थानीय भाषों में भी उपलब्ध होगा। इस ऐप के माध्यम से लोगों की जानकारियां अपलोड की जाएंगी।

**छत्तीसगढ़ तेलंगाना की सीमा पर कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा आपरेशन चलाया गया। ऐसा दावा है कि नक्सली लीडरों को वहां घेरकर रखा गया और बड़े अफसर भी मान रहे थे कि फोर्स को बड़ी सफलता मिलेगी। परंतु क्या आपको आशा के अनुरुप सफलता मिली?**

देखिए, कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाया गया नक्सल विरोधी अभियान बेहद सफल रहा है। इस अभियान के 21 दिनों में 31 नक्सलियों को ढ़ेर किया गया। ये पहला ऐसा इतना बड़ा अभियान रहा, जिसमें एक भी जवान की शहादत नहीं हुई। साथ ही, भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे। कुर्रे गुट्टा पहाड़ी क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ रहा है, जहां नक्सली प्रशिक्षण लेते थे और हथियार बनाते थे। उनकी हथियार बनाने वाली 3 लेथ मशीने बरामद हुई, बीजीएल सेल और आईईडी बनाने वाली 3 यूनिट्स को बर्बाद किया, 214 बंकर ध्वस्त किये गए, जहां लाल आतंक की गूंज थी, वहां आज तिरंगा लहरा रहा है। नक्सल के विरुद्ध इस अभियान में सुरक्षा बल 42 से 45 डिग्री के तापमान, दुर्गम क्षेत्रों में बीहड़ों में मोर्चा संभालते हैं। ये सीरीज ऑफ ऑपरेशन हैं और सभी नक्सल अभियान हमारे लिए बड़े ही होते हैं। हम हर एक नक्सली तक पहुंचेंगे।

**दशकों पुरानी नक्सलवाद समस्या को खत्म करना आसान नहीं है। ऐसे में किस तरह से इतनी पुरानी समस्या में सफलता मिल रही है। अब तक कितने नक्सलियों को मार गिराया गया है? और कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है?**

देखिए, हमारी सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक मल्टी-डायमेंशनल एप्रोच लिया। हमने पहले की सरकारों की डिफेंसिव रणनीति को छोड़ ओफेंसिव रणनीति अपनाई है। जो क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहे हैं, वहाँ सुरक्षा वैक्यूम भरने के लिए कैंप बनाये जा रहे हैं, उन क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है और गरीब कल्याण की योजनायें पहुंचाई जा रही हैं। अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नक्सल गतिविधियों की सटीक निगरानी और विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही, लोकेशन ट्रैकिंग, मोबाइल फोन की गतिविधियों, साइंटिफिक कॉल लॉग्स और सोशल मीडिया एनालिसिस जैसी तकनीकों के जरिए नक्सलियों की हरकतों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि नक्सलवाद की हिंसक घटनाएं जो 2004-14 में 16,463 थी वो 52 फीसदी घटकर 7,856 रह गयी हैं। ऐसे ही सुरक्षा बलों की मृत्यु में 71 फीसदी और नागरिकों की मृत्यु में 68 फीसदी की कमी आई है। पिछले वर्ष ही 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया, 1090 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2025 में ही 226 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया गया, इस वर्ष 886 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 23 मई 2025 को ही



बीजापुर में 24 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया। पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई जनरल सेक्रेटरी लेवल का नक्सली बसवराज मारा गया, यह एक बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गए नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के कारण आज नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़, चक्रबंधा, करेंगुट्टा पहाड़ी, अबूझमाड़ जैसे इलाके नक्सल मुक्त हो गए हैं।

**एक तरफ आप नक्सलियों को मार रहे हैं, दूसरी तरफ उनसे आत्मसमर्पण की बात कहते हैं?**

मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है अगर कोई हिंसा के रास्ते पर चला गया है, तो सरकार उसे हथियार छोड़ने की अपील करके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का मौका दे रही है। नक्सली आत्मसमर्पण करके विकास की यात्रा से जुड़कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार में आत्मसमर्पण के लिए लुभावनी नीति बनाई गई है। अगर नक्सली हथियार नहीं छोड़ते हैं, तो उन्हें सुरक्षा बलों का सामना करना ही होगा।

**इससे जुड़ा सवाल है और यह छत्तीसगढ़ बड़ी चर्चा का विषय है। छत्तीसगढ़ को बस्तर से बेहद प्रेम है। लोग जानना चाहते हैं कि नक्सलियों के खात्मे के बाद वहां के जंगल और पहाड़ औद्योगिकरीकरण की भेंट न चढ़ जाएं। क्या अमित शाह ऐसा आश्वासन छत्तीसगढ़ को दे सकते हैं कि बस्तर के जंगल और पहाड़ हमेशा सुरक्षित रहेंगे?**

बस्तर हमारे भी दिल में बसता है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बस्तर का विकास बस्तर के लोगों की भावनाओं के ही अनुरूप होगा।

**नक्सल मुक्त भारत के साथ आपने नशामुक्त भारत का भी ऐलान किया है, उस पर कितनी प्रगति हुई है?**

देखिये, ड्रग्स युवाओं के लिए अभिशाप है, यह आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद करता है, हम इसकी समाप्ति की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हम रुथलेस अप्रोच से इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर रहे हैं। इसके लिए संस्थागत संरचना को मजबूत किया है, एजेंसियों को सशक्त किया है और उनके बीच समन्वय को सीमलेस बनाया है और विस्तृत जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। साल 2019 में गृह मंत्रालय ने इसके लिए चार स्तरीय एनकोर्ड मैकेनिज्म बनाया, संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया। समुद्री मार्ग से तस्करी रोकने के लिए उच्च स्तरीय समर्पित टास्क फोर्स बनाये। सीजर इनफारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम, निदान, एनकोर्ड पोर्टल बनाये गए, इनका परिणाम हुआ कि जहाँ 2004-14 में 40 हजार करोड़ रुपए के मूल्य का 25 लाख किलो ड्रग्स पकड़ा गया था, वहीं मोदी सरकार ने 2014-25 के बीच 1 करोड़ किलो से अधिक ड्रग्स जब्त किया जिसकी कीमत 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए है। पकडे हुए ड्रग्स का दोबारा उपयोग न हो सके इसके हमारी सरकार ने बड़े पैमाने पर ड्रग्स को नष्ट करने का अभियान शुरू किया और 31.53 लाख किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया जो यूपीए सरकार की तुलना में 10 गुना अधिक है। सिंथेटिक ड्रग्स जो पूरी दुनिया के सामने एक नई चुनौती बन गया है, हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 14 हजार करोड़ से अधिक का 23 हजार किलो सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया और विभिन्न राज्यों में लगभग 41 क्लैन्डेस्टिन लैब्स को नष्ट की गई, 86 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुआ और 136 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**बदलते युग में साइबर खतरे की चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही है। जैसा कि आपने कहा कि भारत में डिजिटल ट्रांजेक्शन में विश्व में अग्रणी है। ऐसे में साइबर हमलों से देश वासियों को सुरक्षित बनाने के लिए क्या किया जा रहा है?**

मोदी सरकार ने साइबर हेल्पलाइन '1930' शुरू की है, जिस पर प्रतिदिन करीब 60 हजार फोन कॉल आते हैं, 419 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसके साथ जोड़े जा चुके हैं, इसके माध्यम से 14 लाख 47 हजार लोगों के 4,725 करोड़ रुपए की वापस दिलाने का काम भी हुआ है। 2020 में मोदी सरकार द्वारा शुरू किये गए साइबर क्राइम पोर्टल पर 65 लाख यूनिक शिकायतें दर्ज हुई और 1.5 लाख से अधिक एफआईआर दर्ज की गयी, लोगों द्वारा 20 करोड़ से अधिक बार इस पोर्टल का उपयोग किया जा चुका है। इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है, 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फारेंसिक ट्रेनिंग लेब की स्थापना की है। साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर यानी सीएफएमसी के माध्यम से मोदी सरकार ऑनलाइन फ्रॉड के पैसों को तत्काल रिटर्न करा रही है। शिकायत दर्ज कराने के बाद बैंक फ्रॉड हुए पैसों को फ्रीज कर देता है और वेरिफिकेशन के बाद पीड़ित तक फ्रॉड हुए पैसे पहुंच जाते हैं।

**आपकी सरकार ने डिफेंस क्षेत्र में मेक इन इंडिया की शुरुआत की है। एक अच्छी चीज हथियारों के उत्पादन को लेकर दिखती है। भारत अब हथियारों का निर्यातक बन रहा है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की प्रगति क्या रही?**

हमारी सरकार डिफेंस के क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की बड़ी शुरुआत की, लेकिन कांग्रेस ने जो गड्ढा किया है, उसे भरने में थोड़ा समय लगेगा। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आकाशतीर डिफेंस सिस्टम की सफलता से दुनिया आश्चर्यचकित है। पाकिस्तान के हर हमले को हमारे डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। डिफेन्स का प्रोडक्शन भी बढ़ा है और एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। वर्ष 2023–24 में भारत का रक्षा क्षेत्र में उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 21,083 करोड़ रुपए है और हम 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपए निर्यात के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

**और पीओके पर आप क्या कहेंगे?**

कहना क्या है मैंने संसद में भी कहा है कि पीओके हमारा है, भारत का हिस्सा है।

**आपने दो भूमिकाएं निभाईं, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे और राष्ट्र के गृहमंत्री भी। कौनसी भूमिका आपको ज्यादा बेहतर लगी?**

मैंने नारणपुरा बूथ से लेकर भाजपा पार्टी में अनेक जिम्मेदारी निभाई हैं। मैं पार्टी का एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं मुझे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देती है, मैं उसे पूरी क्षमता से निभाता हूँ। आप पत्रकार लोग हमारे कार्य को दो भूमिकाओं में बांधने की कोशिश कर सकते हैं, मैं नहीं।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी इतनी उहापोह की स्थिति में क्यों नजर आ रही है। नए अध्यक्ष का ऐलान नहीं हो पा रहा है।**

भाजपा एक लोकतांत्रिक और 14 करोड़ से अधिक सदस्य वाली पार्टी है। बूथ से लेकर जिला, मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया चलती है तो, इसमें समय लगता है। जल्द ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

**दशकों तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रस्त रहा है। जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है, उसके विकास के लिए क्या योजनाएं चलाई जा रही हैं?**

विकास पहुँचेगा... हमने तो विकास पहुंचा कर दिखाया है, मोदी सरकार नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रही है। 11,503 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है और 17,589 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 20,815 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। संचार सुविधाओं के विस्तार के लिए दो चरणों में काम किया गया। पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 (2G) मोबाइल टावर स्थापित किये गए। दूसरे चरण में 2210 करोड़ के निवेश के साथ 2542 मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों में 8527 (4G) मोबाइल टावरों को और मंजूरी दी है। नक्सल प्रभावित जिलों में 1007 बैंक शाखाएं, 937 एटीएम और 37850 बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट स्थापित किये जा चुके हैं। 90 जिलों में हर 3 किमी पर 5,731 डाकघर खोले गए हैं। इसके साथ-साथ 48 जिलों में कौशल विकास योजना के अंतर्गत 495 करोड़ रुपए से 48 इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट आईटीआई, 61 कौशल विकास केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं।

**आपने हाल ही में कहा कि इस बरसात में नक्सली चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। इसके पीछे की क्या वजह है?**

देखिये, हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे। इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जाएगा। मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। नक्सल ऑपरेशन के अलावा वे लोगों से संवाद भी करते है और विकास की बात भी...।



- मोदी सरकार में समस्या का समाधान टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, समस्या को जड़ से समाप्त किया जाता है
- बिना बिचौलिये डीबीटी से गरीब परिवारों के साथ सीधे पहुंचे 44 लाख करोड़ रुपए

# अभूतपूर्व विकास के साथ, राष्ट्र में आत्मविश्वास जगाना, मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*भारतीय राजनीति में अमित शाह एक ऐसी शख्सियत के रूप में हैं जो ना केवल कुशल रणनीतिकार और प्रशासक हैं, साथ ही उनके क्रियान्वयन में भी सिद्धहस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने आपको दक्ष राजनितिज्ञ के तौर पर साबित करने में कामयाब रहे श्री शाह गत छह वर्ष से देश के गृहमंत्री की भूमिका में बतौर प्रशासक परिवेश को अचंभित किये हुए हैं। दस माह पूर्व देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान कर अचंभित कर देने वाले श्री शाह वक्त से पहले लक्ष्य हासिल करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वाधिक विश्वस्त सहयोगी के तौर पर पहिचाने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे अनौपचारिक मुलाकात के दौरान देश- प्रदेश से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से बात हुई। जहां एक ओर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के उभार को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, वहीं दूसरी ओर नक्सल मोर्चे पर निर्णायक सफलता को लेकर आश्वस्त भी दिखे।*

*श्री शाह ने देश-विदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से बात की हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से। प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश।*

## बस्तर हमारे भी दिल में बसता है, वहां का विकास वहां के लोगों की मंशा के मुताबिक होगा



- *आपकी सरकार के 11 साल और यूपीए के एक दशक के राज में आप मूल अंतर क्या देखते हैं?*
- देखिए...सबसे बड़ा अंतर सोच का है। यूपीए की सरकार समस्याओं को टुकड़ों-टुकड़ों में देखती थी, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जाता है। यूपीए का लक्ष्य होता था इतने गांवों में बिजली दी जाएगी, हमारा लक्ष्य, हर गांव में बिजली देना, हर घर में नल से जल पहुंचाना हर घर में पीने का स्वच्छ पानी की उपलब्धता, हर घर शौचालय पहुंचाना, हर घर में गैस सिलेंडर देना। वही कारण है कि मोदी सरकार ने पिछले 70 सालों का काम 11 वर्षों में किया है।
- *विपक्ष अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार को घेरता है, वो कहते हैं कि अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी अच्छे थे, मोदी जी से?*
- मैं आपसे आंकड़ों के साथ बात करूंगा। यूपीए के वक्त अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे, लेकिन उसके बावजूद आखिर क्यों देश की अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। यूपीए की जब सरकार आई तब अर्थव्यवस्था में दुनिया में 11वें स्थान पर थे। 10 वर्षों के बाद भी 11वें स्थान पर ही रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में भारत 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और हम तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अब आप बताइए कौन अच्छा है? आज विदेशी एजेंसियां भारत की तारीफ करती हैं, आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक 'ब्राइट स्पॉट' और 'स्टार पर्फॉर्मर' कहा, मूडी रेटिंग ने भारत के जीएसटी, बैंकरप्टसी कोड और एनपीए के क्षेत्र में रिफॉर्म की प्रशंसा करते हुए सोवरिन रेटिंग को बीएए 2 में अपग्रेड किया। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' से 'पाजीटिव' में अपग्रेड किया, अब आप ही बताइए कौन अच्छा है?

## खबर संक्षेप

### भारत लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से हारा

**लीड्स।** भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट से हार गई है। इसी के साथ टीम 5 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेन डकेट ने 149 और जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत से शार्दूल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट लिए।

### झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन पिछले तीन दिन से राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। 81 वर्षीय सोरेन का गंगा राम अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह महज नियमित जांच नहीं है, क्योंकि वह पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्र के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हैं और वह पार्टी के संस्थापक संरक्षक हैं।

### ऐश्वर्या धोखाधड़ी मामले में 18 के खिलाफ चार्जशीट



**नई दिल्ली।** ईडी ने नेताओं से निकटता का हवाला देकर कई लोगों को धमकाने और ठगी करने के चर्चित मामले में मुख्य आरोपी ऐश्वर्या गौड़ा सहित 18 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष दायर की गई। इस मामले में हाल में 3.98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई थी। मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डी के सुरेश से भी बेंगलुरु स्थित कार्यालय में सोमवार को पूछताछ की गई थी।

### करंट से परिवार के तीन सदस्यों की मौत



**बालाघाट।** मप्र के बालाघाट जिले के देवलगांव गांव के पास मंगलवार को बिजली लाइन के संपर्क में आने से एक दंपत्ति समेत एक परिवार के तीन सदस्यों की झुलसकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान सेवक राम पंचे (30), उनकी पत्नी रेणुका पंचे (28) और उनके चचेरे भाई भोजराज पंचे (28) के रूप में हुई है। यह घटना सुबह 8 से 9 बजे के बीच हुई, जब पीड़ित देवलगांव में दुर्गा मंदिर जा रहे थे। सड़क पर एक पेड़ की टहनी गिरी हुई थी और उस पर 11 केवी का ओवरहेड तार पड़ा हुआ था। तीनों तार के संपर्क में आ गए।

# ट्रंक की लाश का खुला राज, कथित वकील ने 'क्लाइंट' की प्रापर्टी हथियाने पत्नी के साथ की हत्या

*ट्रंक में ट्राली बैग और बैग में लाश, शहर को दहलाने वाली इस मर्डर मिस्ट्री का 24 घंटे में खुलासा हो गया। पुलिस ने न केवल शव की पहचान की, बल्कि हत्या के आरोपियों तक को दबोच लिया। मृतक अधेड़ उम्र का किशोर पैकरा निकला। हांडीपारा आजाद चौक निवासी किशोर को कथित वकील अंकित उपाध्याय और उसकी पत्नी ने इंद्रप्रस्थ कालोनी के किराये के फ्लैट में मारा और ट्रंक में लाश भरकर उसे दो सहयोगियों की मदद से ठिकाने लगाया था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हत्या के आरोप में दिल्ली सीआईएसएफ ने कथित वकील अंकित उपाध्याय तथा उसकी पत्नी को हिरासत में लिया है। अंकित सेवानिवृत एएसआई का बेटा बताया जा रहा है। इस मामले में इन दोनों के अलावा रायपुर पुलिस दो अन्य सहयोगियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या में चार लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार मृतक की पहचान हांडीपारा, एचएमटी चौक निवासी किशोर पैकरा के रूप में हुई है।

किशोर की हत्या के आरोप में अंकित उपाध्याय तथा उसकी पत्नी शिवानी शर्मा को दिल्ली सीआईएसएफ की टीम ने एयरपोर्ट में पकड़ा है। एसएसपी ने दंपति को रायपुर लाए जाने के बाद हत्या के कारणों की सही जानकारी मिल पाने की बात कही है। हत्या का प्रारंभिक ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ट्रंक खरीदने के पहले फ्लैट मालिक से मांगा था बक्सा

फ्लैट किराए पर लेने के बाद अंकित ने फ्लैट मालिक से एक बड़ा बक्सा देने गुजारिश की थी। इस पर छोटे खान ने अपने पास ऐसे किसी तरह का कोई बक्सा होने से इंकार कर दिया। फ्लैट मालिक से बक्सा नहीं मिलने के बाद अंकित अपनी पत्नी के साथ नया ट्रंक खरीदने गोलबाजार गया।

### चलने फिरने में असमर्थ था मृतक

दंपत्ति ने जिस व्यक्ति की हत्या की, वह चलने फिरने में असमर्थ था। पिछले वर्ष सेजबहार में आयोजित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा सुनने जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने किशोर की सायकल को ठोकर मार दिया था। अज्ञात वाहन की ठोकर से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पड़ोसियों के अनुसार एक व्यक्ति नियमित किशोर के लिए सुबह तथा रात के समय टिफिन लेकर आता था। साथ ही हर तीसरे चौथे दिन पानी का 15 लीटर का कैन लेकर आता था। शक है वह अंकित ही था।





मृतक

### इंश्योरेंस अफसर बनकर मकान किराए पर लिया

किशोर पैकरा की इंद्रप्रस्थ कालोनी के जिस डी-321 नंबर के फ्लैट में हत्या की गई, वह फ्लैट आरडीए के रिकार्ड में सितारा बेगम पति छोटे खान के नाम पर रजिस्टर्ड है। मकान किराए देने वाले छोटे खान से संपर्क करने पर उसने बताया कि 18 जून को अंकित ने उससे फ्लैट किराए पर लेने संपर्क किया। साथ ही अंकित ने अपने आपको इंश्योरेंस कंपनी का अधिकारी बताते हुए अपना ट्रांसफर कोरबा से होना बताया।

### चार महीने का किराया देने के लिए तैयार था

फ्लैट मालिक के अनुसार अंकित को उसने साढ़े छह हजार रुपए मासिक दर पर अपना फ्लैट किराए पर दिया था। फ्लैट किराया लेते समय अंकित ने छोटे खान को बताया था कि उसकी सैलेरी समय पर नहीं मिलती, इसलिए वह उसे एक साथ चार माह का किराया दे देगा। 19 जून को फ्लैट मालिक एडवांस किराया लेने ▶▶| शेष पेज 5 पर

### प्रापर्टी का लोभ

खबर आ रही है कि किशोर का हांडीपारा में बड़ा पुराना मकान तो था ही, गांव में बड़ी जमीन भी थी। किशोर अकेला था, वह जमीन की देखरेख नहीं कर पाता था। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बार एसोसिएशन में नहीं है रजिस्टर्ड

*हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने अंकित के वकील होने की जानकारी दी है। अंकित उपाध्याय वास्तव में वकील है या नहीं, इस संबंध में रायपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी से संपर्क किया गया। संपर्क करने पर अध्यक्ष ने बताया कि बार एसोसिएशन में अंकित उपाध्याय नाम का कोई वकील रजिस्टर्ड नहीं है। पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अंकित के खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। अंकित मूल रूप से चंगोराभाठा सत्यम विहार का रहने वाला है।*

# रात के अंधेरे में रेत की खुदाई, आधी रात छापा मशीन, गाड़ियां जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के रेत घाटों पर प्रतिबंध का असर दिन में दिखाई दे रहा है, लेकिन रात में अभी भी जमकर उत्खनन किया जा रहा है। मानसून के आगमन के पूर्व रेत के कारोबारी बारिश के सीजन के लिए जमकर रेत का भंडारण करने में जुटे हुए हैं। इसे लेकर अब वे प्रतिबंध के आदेश की भी धज्जियां उड़ाते हुए घाटों पर रेत का उत्खनन करा रहे हैं, लेकिन दिन की जगह रात में उत्खनन किया जा रहा है।

सोमवार देर रात सूचना मिलने पर अभनपुर के ग्राम तर्री घाट पर खनिज विभाग ने छापा मारा। इस दौरान मौके से एक चेन माउंटेन मशीन सहित चार हाईवा वाहन को जब्त किया। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### रात 12 बजे पहुंची टीम

अभनपुर एसडीएम रवि सिंह रात करीब 12 बजे दल-बल के साथ कार्रवाई करने पहुंचे थे। इस टीम में खनिज विभाग के इंस्पेक्टर जागृत गायकवाड़ सहित पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। टीम जिस समय घाट पर पहुंची, उस समय वहां चेन माउंटेन मशीन से हाईवा वाहन में रेत लोडिंग की जा रही थी। अधिकारियों की गाड़ियों को देखकर वहां मौजूद सभी लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मशीन और वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गए। इस तरह टीम ने मौके ▶▶| शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री ने किया खुलासा

# एएआईबी कर रहा विमान के ब्लैक बॉक्स की जांच

एजेंसी ▶▶| पुणे

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि गत 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का ब्लैक बॉक्स भारत में ही है और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इसकी जांच कर रहा है। नायडू ने ब्लैक बॉक्स को विदेश भेजे जाने संबंधी अटकलों को खारिज कर दिया। गत 12 जून को लंदन के लिए रवाना होने वाला एअर इंडिया का विमान ▶▶| शेष पेज 5 पर

### उच्च स्तरीय समिति का गठन

सरकार ने विमान हादसे के बाद कहा था कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जांच सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। नायडू ने पहले कहा था, ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने से विमान दुर्घटना से कुछ क्षण पहले क्या हुआ था, इसकी गहन जानकारी मिल सकेगी।

दहेज के लिए पत्नी की हत्या

# कोर्ट ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के एक दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इंकार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर ▶▶| शेष पेज 5 पर



### निचली अदालत ने ठहराया था दोषी

जुलाई 2004 में अमृतसर की एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर अपनी पत्नी की मौत के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304-बी (दहेज हत्या) के तहत दोषी ठहराया था।

### कमांडो के खिलाफ दहेज हत्या का केस

बता दें कि याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304बी के तहत मामला दर्ज है, जो दहेज मृत्यु से संबंधित है। आरोप है कि उसने दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की मांग की थी। उसके वकील ने दलील दी कि इस आरोप का ▶▶| शेष पेज 5 पर

ईपीएफओ ने दी राहत भरी खबर, पहले थी एक लाख की लिमिट

# अब 5 लाख रुपए तक मिलेगा पीएफ का एडवांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भविष्य निधि की ऑटो क्लेम सैटलमेंट लिमिट में बड़ा इजाफा किया है। पहले यह लिमिट एक लाख रुपए की थी, जिसे अब बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। इस संबंध में केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने यह जानकारी दी है। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार ईपीएफओ ने सभी एडवांस क्लेम के लिए ऑटो क्लेम सैटलमेंट की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। बता दें कि मार्च 2025 में सेंट्रल ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कोविड के दौरान एडवांस क्लेम पर फैसला

ईपीएफओ ने साल 2020 में कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दौरान एडवांस क्लेम के ऑटो-सैटलमेंट की शुरुआत की थी। इसका मकसद था कि लोगों को कोविड की विषम परिस्थिति में फंड मिल जाए। कोविड के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने इस ढील का फायदा उठाया।

### ईपीएफओ का अलर्ट

हाल ही में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को थर्ड पार्टी के एजेंट की मदद लेने के प्रति आगाह किया। सलाह दी कि वे अपने भविष्य निधि खातों से संबंधित सेवाओं के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करें, ताकि महत्वपूर्ण विवरणों के सार्वजिनक होने के जोखिम से बचा जा सके। बता दें कि ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक सदस्य हैं, जो विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारी या पूर्व कर्मचारी हैं।

### कैसे मिलेगा लोगों को फायदा

ऑटो-सैटलमेंट लिमिट में वृद्धि के साथ अब ईपीएफओ के सब्सक्राइबर ऑटोमैटिक 5 लाख रुपए तक की राशि तुरंत निकाल सकते हैं। अब तक, सब्सक्राइबर्स को 1 लाख रुपए से अधिक की एडवांस राशि की निकासी के लिए मैन्युअल सत्यापन का इंतजार करना पड़ता था। नॉ-ऑटो सैटलमेंट के लिए ईपीएफओ ग्राहकों को ईपीएफओ कार्यालयों में जाना पड़ता है।

AMITY UNIVERSITY — CHHATTISGARH —
AMITY RAIPUR
B.TECH
Driving Innovations

THE AMITY RAIPUR ADVANTAGE

INDUSTRY & GLOBAL EXPOSURE
- Industry integrated live projects & workshops in collaboration with EMC², IBM, Oracle & Sun Microsystems; Tech events like Envision X, IDE Boot Camp (MoE), Grand Finale of India Hackathon (MoE)
- Interactions with personalities like Dr. S N Chattopadhyay (Principal Scientist, ICAR-NIR, J&AFT), Sh. K.Tiwari (Ex-Adv. Gen. CG)...
- Students' innovation initiatives like IoT based Network Scanner and Traffic Analyser, ML based Real-time Classification of Driving Behaviour, Push Notification for Address Change in Aadhar (mooted by MietY)
- 5-Week Study Abroad Program in New York, Singapore, London or Dubai

HI-END RESEARCH ECOSYSTEM
- 6 Centres of Excellence including for Robotics Process Automation, Climate Energy & Environment, Gender Studies, IPR...
- Research tie-ups with CISCO Networking Academy, CII-Yi Chapter, Terminal Ballistics Research Lab-DRDO, Infosys Springboard, ICAR-NISBM
- 70 Hi-tech labs & learning studios
- 35 Scopus H-index of the University

DISTINGUISHED FACULTY
- 250+ Distinguished faculty, scientists & staff including a faculty who featured in the Stanford World Top 2% Scientists 2024
- Faculty credited with 67 patents, 23 books, 170 book chapters & 1,028 research papers including 323 scopus indexed

PLACEMENTS & STARTUPS
- Top recruiters include PwC, Amazon, Nestle, Flipkart, Accenture, Samsung, Airtel, Crompton, Royal Enfield, TCS...
- 4 Student startups incubated by Amity Incubator

PRESTIGIOUS RANKINGS
- THE Impact Ranking 2025 rank 1501+ (Overall) & 801-1000 (Quality Edu.)
- IIC (Ministry of Education's Innovation Cell) 4 Star Rating 2023
- Week-Hansa Research Survey 2025 rank 51 (Best Multi-disciplinary University-All India)
- India Today Best University Ranking 2024 rank 59 (Overall Top Private Universities in India)
- Dataquest CMR rank 15 in Top 100 (Best T-Schools Employability Index Survey 2024)
- India Today 2024 rank 2 (Best Emerging Engg Institute in East Zone)
- DataQuest CMR Best T-Schools Survey 2025 rank 1 (West Zone)

Apply at:
amity.edu/raipur
By: 4th July, 2025
7303-396-666

ENGINEERING
- B.Tech:
  - Computer Science & Engg
  - Electronics & Comm Engg
  - Civil Engg
  - Mechanical Engg
  - Information Technology
  - Robotics & Automation
- M.Tech:
  - Computer Science & Engg
  - Electronics & Comm Engg
  - Mechanical Engg
  - Civil Engg
- PG Dip. in Industrial Safety

OTHER PROGRAMMES OFFERED UNDER SCIENCE (MATHS) STREAM:

ARCHITECTURE
- Bachelor of Architecture
- Bachelor of Interior Design
- M.Arch

COMPUTER SCIENCE/ IT
- BCA (Hons/Hons with Research)
- B.Sc-IT (Hons/Hons with Research)
- MCA

• Upto 100% scholarship available • Lateral entry & Ph.D programmes also offered

Amity University Chhattisgarh, Manth (Kharora), Raipur | E: admissions@rpr.amity.edu



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर होने का ऐलान किया है। 12 दिन की लड़ाई के बाद भी इजरायल और अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकाने को पूरी तरह से तबाह नहीं कर पाए। यही नहीं ईरान ने 60 फीसदी तक संवर्द्धित 400 किलो ईरानी यूरेनियम कहां गायब हो गया है, इसको लेकर इजरायल और अमेरिका टेंशन में हैं। इस 400 किलो के यूरेनियम से 10 परमाणु बम बनाया जा सकता है। ऐसी रिपोर्ट है कि इजरायल और अमेरिका के परमाणु ठिकानों पर हमलों से पहले ईरान ने अपने तीन बड़े परमाणु ठिकानों – फोर्डो, नतांज और इस्फहान से लगभग 400 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार कथित तौर पर हटा लिया था। यह यूरेनियम इतना पर्याप्त है कि उससे 9 से 10 परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। यह यूरेनियम विशेष बैरल्स में छिपाया गया था, जिन्हें दस कारों के बूट में आसानी से फिट किया जा सकता है।

# ईरान का 400 किलो यूरेनियम गायब, टेंशन में अमेरिका

एजेंसी ▶▶| तेहरान

अमेरिकी खुफिया सूत्रों का दावा है कि यह भंडार हमलों के ठीक पहले एक गुप्त स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया था। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एबीसी न्यूज को बताया कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर 'बंकर बस्टर' बम गिराए जाने के बाद से 400 किलोग्राम के यूरेनियम भंडार का हिसाब नहीं मिल रहा है। ये गायब यूरेनियम 60 प्रतिशत तक शुद्ध है। परमाणु हथियार के रूप में उपयोग करने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक शुद्ध करने की आवश्यकता होगी।

**इतने यूरेनियम से बनाया जा सकता है 10 परमाणु बम**

**12 दिन की लड़ाई के बाद भी ईरान के परमाणु ठिकाने नहीं हुए पूरी तरह से तबाह**

**ये न्यूक्लियर प्लांट बने हैं एक पहाड़ के अंदर**



### शक्तिशाली दांव बनेगा यह यूरेनियम

एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन 400 किलो यूरेनियम को ईरान एक शक्तिशाली दांव के रूप में उस समय इस्तेमाल कर सकता है जब वह नए परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा। ऐसी खबरें हैं कि ईरान ने हमले से कुछ दिन पहले ही यूरेनियम स्टॉकपाइल के साथ-साथ कुछ उपकरणों को एक गुप्त स्थान पर ट्रांसफर कर दिया होगा। यह दावा इजरायली अधिकारियों ने द न्यूयॉर्क टाइम्स से दोहराया है। अमेरिका के हमले से पहले की सैटेलाइट तस्वीरों में फोर्डो न्यूक्लियर प्लांट के बाहर 16 ट्रकों की कतार दिखाई दे रही थी। यह न्यूक्लियर प्लांट एक पहाड़ के अंदर बना है और अधिकांश मिसाइल हमलों के लिए अभेद्य माना जाता है। खास बात थी कि हमले के बाद की तस्वीरों में तीनों प्लांट को काफी नुकसान हुआ लेकिन फोर्डो प्लांट के बागर से ट्रक गायब थे। जंग के पहले हुआ था इसका अंतिम बार निरीक्षण यह स्पष्ट नहीं है कि उन ट्रक में क्या ले जाया गया और कहां ले जाया गया।

**यहां हो सकता है यूरेनियम**

*वैसे अमेरिका और इजराल का दृढ़ता से मानना है कि ट्रक की मदद से यूरेनियम स्टॉकपाइल और उपकरणों को ईरान की प्राचीन राजधानी इस्फहान के पास एक अन्य अंडरग्राउंड स्टोरेड साइट में ट्रांसफर कर दिया गया है।*

## खबर संक्षेप

### 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक और दिग्गज नेता लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। यह उनका लगातार 13वां कार्यकाल होगा। वो इस पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आरजेडी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वी ने इस बात की आधिकारिक घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार 2 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तारीख थी। इस पद के लिए सिर्फ लालू प्रसाद यादव ने ही नामांकन दाखिल किया था।

### क्या हम भारत के दुश्मन हैं : फारूक



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बड़ा बयान दिया है। जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा इसलिए नहीं मिल रहा है क्योंकि हम मुस्लिम हैं। 'इसके और क्या कारण हो सकते हैं? क्या हम भारत के दुश्मन हैं। हमने भारत के साथ हाथ मिलाया तब जब हमारे सामने पाकिस्तान था।' उन्होंने जम्मू कश्मीर को जल्द ही राज्य का दर्जा देने की मांग की। इसको लेकर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर हमें राज्य का दर्जा नहीं दिया जाता है तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

### उदयपुर में फ्रांस की युवती से दुष्कर्म



**उदयपुर।** झीलों की नगरी के नाम से मशहूर राजस्थान के उदयपुर में बारिश के बीच पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इस बीच मंगलवार को ऐसा मामला सामने आया है जिसने सैलानियों में घबराहट पैदा कर दी है। यहां एक युवक ने फ्रांस से आई युवती के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया।पीड़िता बड़गांव थाना क्षेत्र के टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फॉर्म कैफे एंड रेस्ट्रो में आयोजित एक प्राइवेट पार्टी में शामिल होने गई थी।

## प्रधानमंत्री मोदी का पाकिस्तान को सख्त संदेश

# खून बहाने वालों को नहीं बख्शेंगे 22 मिनट में दुश्मन को झुकाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा, दुनिया ने हाल ही में ये भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। खून बहाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हमने 22 मिनट में दुश्मन को घुटनों पर ला दिया।

पीएम मोदी मंगलवार को दिल्ली में श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद की शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा, हाल ही में दुनिया ने भारत की क्षमता देखी. ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्पष्ट नीति को पूरी दुनिया के सामने रख दिया। हमने दिखा दिया कि जो भारतीयों का खून बहाते हैं, उनके लिए दुनिया में कहीं भी सुरक्षित जगह नहीं है। आज का भारत वही कदम उठाता है जो संभव है और जो राष्ट्रहित में सही है।

### श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद का शताब्दी समारोह



### 'विदेशों पर निर्भरता घट रही है'

प्रधानमंत्री मोदी का कहना था कि रक्षा जरूरतों के लिए विदेशों पर भारत की निर्भरता लगातार घट रही है। हम रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बन रहे हैं। इसका असर हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा. हमारी सेनाओं ने 'मेड इन इंडिया' हथियारों की मदद से दुश्मनों को सिर्फ 22 मिनट में घुटनों पर ला दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में 'मेड इन इंडिया' हथियारों की पहचान दुनियाभर में होगी।

### वह ऐतिहासिक मुलाकात आज भी प्रेरक और प्रासंगिक

*100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। 100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है, तो कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है।*

### शोषित समुदाय से मेरा गहरा जुड़ाव

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्री नारायण गुरु के सिद्धांत मानवता के लिए एक महान धरोहर हैं। जो लोग देश और समाज की सेवा का संकल्प लेकर काम करते हैं, उनके लिए श्री नारायण गुरु एक प्रकाशस्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि वंचित और शोषित समुदाय के साथ मेरा कैसा गहरा जुड़ाव है। इसीलिए आज भी जब मैं वंचित और शोषित समाज के लिए कोई बड़ा निर्णय लेता हूं तो मैं गुरुदेव को याद करता हूं। उन्होंने कहा, श्री नारायण गुरु ने हमेशा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया था। हम भी इसी मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे देश में आजादी के इतने वर्षों बाद भी ऐसे कई क्षेत्र थे, जिनमें महिलाओं की एंट्री ही बैन थी। हमने इन प्रतिबंधों को हटाया। नए नए क्षेत्रों में महिलाओं को अधिकार मिले। आज कोर्ट से लेकर स्पेस तक, बेटियां नाम रोशन कर रही हैं। श्री नारायण गुरु ने एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी जो भेदभाव से मुक्त हो. मुझे संतोष है कि आज देश सैचुरेशन अप्रोच पर चलते हुए भेदभाव की हर गुंजाइश को खत्म कर रहा है।*

# एअर इंडिया ने फिर शुरू की पश्चिम एशिया यूरोप की उड़ानें




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, इसलिए उड़ानों का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। एअर इंडिया ने यह भी कहा कि आज से यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें भी दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जैसे-जैसे पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, एयर इंडिया आज से इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के लिए और वहां से आने वाली ज्यादातर उड़ानों का संचालन 25 जून से पूरी तरह से बहाल कर दिया जाएगा। यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें, जो पहले रद्द की गई थीं, उन्हें भी धीरे-धीरे फिर से शुरू किया जा रहा है।

### युद्ध के चलते देशभर में 60+ फ्लाइट थी कैंसिल

ईरान-इजराइल युद्ध के चलते भारत से मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। बढ़ते तनाव और एयरस्पेस बंद होने से अब तक 60 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई थीं। दिल्ली एयरपोर्ट से 48 फ्लाइट्स कैंसिल हुई। जयपुर एयरपोर्ट से 6 फ्लाइट्स रद्द हुईं। इनमें मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली 3-3 उड़ानें शामिल हैं। लखनऊ एयरपोर्ट से अबु धाबी और शारजाह जाने वाली 2 फ्लाइट को यूएई-कतर एयरस्पेस बंद होने पर कैंसिल किया गया है। हालांकि अब एअर इंडिया ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं।

### डीएमके नेता ने दिया विवादित बयान

# राजा ने कहा अमित शाह को मूर्ख, भाजपा बोली- 'इडियट'

एजेंसी ▶▶| चेन्नै



तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए बढ़ रही सरगर्मी से पहले डीएमके नेता और सांसद ए राजा के बयान पर बवंडर खड़ा हो गया है। ए राजा ने एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'मूर्ख' कहकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया, जिसके बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि जो कोई भी ऐसा कहता है वह 'मूर्ख' है। डीएमके ए राजा ने यह टिप्पणी अमित शाह के हाल ही में हुए तमिलनाडु के दौरे के संदर्भ को लेकर की। एक जनसभा को संबोधित करते हुए राजा ने कहा कि अमित शाह मदुरै आए थे। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र पर कब्ज़ा कर लिया है और अगला तमिलनाडु है। राजा ने आगे कहा कि मूर्ख, मूर्ख। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल एक राजनीतिक पार्टी के अकेले नेता हैं। उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र में एक अकेले आदमी को हराया है। डीएमके नेता ए राजा ने आगे कहा कि एम के स्टालिन अकेले आदमी नहीं हैं क्योंकि उनके पीछे पेरियार, अन्ना, करुणानिधि और द्रविड़ दर्शन है।

### भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने राजा की टिप्पणी की निंदा की और जोरदार तरीके से पलटवार किया। तिरुपति ने कहा कि पूर्व मंत्री और मूर्ख ए राजा ने अमित शाह को 'मूर्ख' कहा है और अपमानजनक बातें कही हैं। जो कोई भी भारत के गृह मंत्री की इस तरह से आलोचना करता है, वह मूर्ख ही हो सकता है। बता दें दक्षिण राज्य तमिलनाडु में अगले साल अप्रैल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। 234 सदस्यों वाली विधानसभा मे बहुमत का आंकड़ा 118 सीटों का है। वहां पर डीएमके का कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन है। बीजेपी ने राज्य में एक बार फिर एआईएडीएमके से हाथ मिलाया है।

### महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी

# चुनाव आयोग ने राहुल को बुलाया चर्चा के लिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस नेता व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सिलसिलेवार ढंग से महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। अलग-अलग मंचों पर यह मुद्दा उठाने के साथ ही हाल में उन्होंने एक अखबार में लेख लिखकर इसमें विस्तार से 'धांधली' का दावा किया था। इस मसले पर चर्चा के लिए अब चुनाव आयोग ने राहुल को पत्र लिखकर बुलाया है। एएनआई के मुताबिक, लेटर 12 जून को मेल और राहुल के आवास पर भी भेजा गया है। बता दें, राहुल ने एक्स पर भी आरोप लगाया था महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग की गई थी। इसी तरह की फिक्सिंग अब बिहार में होगी, फिर वहां होगी जहां भाजपा हारती दिख रही हो। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) के निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में 5 महीनों में 8% वोटर बढ़ गए थे। कुछ बूथों पर 20 से 50% तक वोटर बढ़े। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की खबर दी।

# भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय को 'ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपी अवॉर्ड'

**नयी दिल्ली।** भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 'ओ' श्रेणी में वैश्विक तंबाकू नियंत्रण के लिए 'ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रॉपी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) की नीति के तहत तंबाकू का सेवन छोड़ने में लोगों की मदद को मान्यता देता है। 'एमपीओडब्ल्यूईआर' रणनीति के तहत दिया जाने वाला यह पुरस्कार आयरलैंड के डबलिन में तंबाकू नियंत्रण संबंधी विश्व सम्मेलन में 23 जून (स्थानीय समय) को देर रात एक विशेष समारोह के दौरान माइकल आर ब्लूमबर्ग द्वारा प्रदान किया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र.08/न.पा.नि./जोन क्रं 07/2025-26 — दिनांक 23/06/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र.07 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से सरल क्र. 01 फार्म 'B' एवं सरल क्र. 02 तथा 03 फार्म 'A' में निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 170596 | जोन क्र. 07 क्षेत्रांतर्गत पाईप लाईन मरम्मत कार्य | 20.00 | 15-07-2025 |
| 170598 | सबमर्सिबल पम्प/हेण्डपम्प लोवरिंग/लिफ्टिंग कार्य | 20.00 | 15-07-2025 |
| 170599 | जोन क्र. 07 क्षेत्रांतर्गत सबमर्सिबल पम्प रिपेयरिंग कार्य। | 25.00 | 15-07-2025 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 24/06/2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.07
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.


### नेशनल सिक्योरिटी को लेकर अमेरिका की सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# वीजा चाहिए तो सोशल मीडिया अकाउंट करने होंगे सार्वजनिक

**खास बातें**

- नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास का भारतीय स्टूडेंट्स और दूसरे वीजा आवेदकों को निर्देश
- ये नया नियम एफ, एम और जे नॉन-इमिग्रेंट वीजा के लिए है

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक सेफ्टी को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका ने कहा कि स्टूडेंट वीजा के लिए सभी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करने होंगे।

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने भारतीय स्टूडेंट्स और दूसरे वीजा आवेदकों को इसे लेकर साफ-साफ निर्देश दिए हैं। ये नया नियम एफ, एम और जे नॉन-इमिग्रेंट वीजा के लिए है ताकि बैकग्राउंड चेक में कोई कमी न रहे। ये कदम डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के उस फैसले के बाद आया है जब पिछले महीने स्टूडेंट वीजा प्रोसेसिंग को कुछ समय के लिए रोका गया था। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि तुरंत प्रभाव से एफ, एम या जे नॉन-इमिग्रेंट वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट की गोपनीयता सेटिंग्स को 'सार्वजनिक' कर दें, ताकि अमेरिकी कानून के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका में उनकी पहचान और स्वीकार्यता स्थापित करने के लिए आवश्यक जांच की जा सके।

**आदेश के पीछे की मंशा**

पिछले महीने अमेरिकी प्रशासन ने अपने दूतावासों से छात्र वीजा के लिए नियुक्तियां बंद करने को कहा था। 18 जून को छात्र वीजा साक्षात्कारों को फिर से शुरू करने की घोषणा की गई है। हालिया अमेरिकी आदेश का प्रभावी रूप से मतलब है कि सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट और कोई भी राजनीतिक विचार जो प्रतिकूल माना जाता है, यह तय कर सकता है कि वे अमेरिका में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं या नहीं।

### यह नियम सभी देशों के लिए अनिवार्य

अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह नियम सभी देशों के लिए अनिवार्य है और 2019 से अमेरिका ने वीजा आवेदकों को अप्रवासी और गैर-आप्रवासी वीजा आवेदन पत्रों पर सोशल मीडिया पहचानकर्ता प्रदान करना आवश्यक कर दिया है।

### भारतीय छात्रों के 3.31 लाख नामांकन

2023-24 में भारतीय छात्रों ने अमेरिका में 3.31 लाख नामांकन के साथ अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का सबसे बड़ा समूह बनाया। इनमें से 1.96 लाख यानी लगभग 60% स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कर रहे थे। 2023 में भारत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की टीम ने 140,000 से ज़्यादा छात्र वीज़ा जारी किए थे, जो दुनिया के किसी भी दूसरे देश से ज़्यादा है, और लगातार तीसरे साल रिकॉर्ड बनाया। 2024 में भारतीयों को 86,110 एफ-1 छात्र वीज़ा जारी किए गए।

### क्या हैं एफ एम और जे वीजा

एफ वीजा: यूनिवर्सिटी, कॉलेज या एकेडमिक संस्थानों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए।

एम वीजा: टेक्निकल या वोकेशनल स्कूलों में पढ़ने वालों के लिए।

जे वीजा: सांस्कृतिक और शैक्षिक एक्सचेंज प्रोग्राम्स में हिस्सा लेने वालों के लिए।


## न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ / 59 वर्ष 2024-25
पक्षकार कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा. ) संभाग
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं.लिमि. बलौदाबाजार

ग्राम-घोटिया, प प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा प.ह.नं.

सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता ( संचा/ संधा) संभाग स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कम्पनी लिमि. बलौदाबाजार का पत्र क्रमांक का. य. / ब.बा./ कार्य / 1269 बलौदाबाजार दिनांक 29.05.2025 द्वारा ग्राम घोटिया तहसील पलारी में नवीन 33/11 के. व्ही. विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु शासकीय भूमि ख.नं. 99 / 1 का रकबा 17.7940 है भूमि में से रकबा 7.00 हे. भूमि को आबंटित करने की मांग किया गया हैं। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 02.07.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

रायपुर

बुधवार, 25 जून 2025

आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या

वर्ष : 23, अंक : 338

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 29.9

न्यून. 25.0

## ट्रंप की चेतावनी के बावजूद इजरायल ने फिर ईरान पर बोला हमला, तेहरान में धमाके

# पहले सीजफायर, फिर इजरायल ने तेहरान पर दागी मिसाइलें

*ईरान और इजरायल के बीच घोषित सीजफायर के कुछ ही घंटों बाद हालात फिर बिगड़ गए हैं। इजरायल ने मंगलवार को तेहरान के पास स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर हवाई हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ कर दिया कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरान की कार्रवाई के जवाब में कुछ न कुछ करना जरूरी है।*

एजेंसी ▶▶| दुबई/बीरशेबा

सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल और ईरान के बीच अस्थायी तौर पर मंगलवार को घोषित संघर्ष विराम उस समय खटाई में पड़ता नजर आया, जब तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

ईरान की सेना ने इजरायल पर मिसाइल दागने से इंकार किया, लेकिन सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक, मध्यरात्रि में उत्तरी इजरायल में धमाकों की आवाजें गूंज उठीं और सायरन बजने लगे। इससे पहले, इजरायल और ईरान दोनों ने अपने 12 दिवसीय युद्ध को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम योजना को स्वीकार कर लिया था। इजरायल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज़ ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ईरान बोला- नहीं हुआ कोई समझौता



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा था, फिलहाल किसी भी संघर्षविराम या सैन्य अभियानों की समाप्ति पर कोई समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल ईरान के लोगों के खिलाफ अपने अवैध आक्रमण बंद कर दे, तो हमारा कार्रवाई जारी रखने का कोई इरादा नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- हमला नहीं रोक सकते, देंगे जवाब



इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ कर दिया कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरान की कार्रवाई के जवाब में कुछ न कुछ करना जरूरी है। संघर्ष विराम शुरू होने से पहले ईरान ने इजराइल की ओर 20 मिसाइलें दागीं।

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- खामनेई ही रहेंगे ईरान के सुप्रीम लीडर
- सीजफायर को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है

*इजराइल का संघर्ष विराम शुरू होने के बाद भी ईरान की ओर से मिसाइल दागने का दावा, ईरानी सेना का इंकार*

### ट्रंप ने जताई नाराजगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस लॉन पर मीडिया से बातचीत में इस पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध पर टिप्पणी करते हुए गुस्से में अपशब्दों का इस्तेमाल किया और कहा, ये इतने लंबे समय से लड़ रहे हैं कि इन्हें खुद नहीं पता कि वे क्या कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह दोनों पक्षों से नाराज हैं, खासकर इजरायल से, जिसने संघर्षविराम के बावजूद कार्रवाई की। ट्रंप ने जोर देकर कहा, मैंने साफ कहा था- बम मत गिराओ, अपने पायलटों को वापस बुलाओ, लेकिन इसके बावजूद हमला हुआ।





### ट्रंप ने किया था सीजफायर का ऐलान

ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को नाम दिया है '12 दिवसीय युद्ध'। यह 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध की याद दिलाता है, जिसे "छह दिवसीय युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ट्रंप ने संघर्षविराम सुनिश्चित करने के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सीधे संवाद किया जबकि उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष माध्यमों से ईरानी शासन से संवाद किया।

---

छह बार आईं रुकावटों के बाद अंतरिक्ष में उड़ान को तैयार

## आज लॉन्च होगा शुभांशु शुक्ला का 'एक्सिओम' मिशन

- इस मिशन में भारत के साथ हंगरी और पोलैंड भी शामिल
- भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष मिशन में एक बड़ा और ऐतिहासिक दिन आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होंगे। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक्सिओम-4 मिशन अब 25 जून को लॉन्च किया जाएगा।

### बतौर पायलट शुभांशु

मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट शामिल होंगे। उनके साथ हंगरी के तिबोर कापु और पोलैंड के स्लावोस उज्नांस्की-विस्नेव्स्की होंगे।

---

संसदीय समिति की बैठक में उठा सवाल

## न्यायमूर्ति के घर से नकदी पर प्राथमिकी क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई? समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा। सूत्रों के अनुसार सांसदों ने ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सांसद बोले- न्याय निष्पक्ष होना चाहिए

कुछ सांसदों ने मांग की है कि न्याय निष्पक्ष होना चाहिए क्योंकि एक सरकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार के एक छोटे से मामले पर अपनी नौकरी खो सकता है, लेकिन न्यायपालिका के एक वरिष्ठ सदस्य के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

### एक आचार संहिता की मांग

सांसदों ने जानना चाहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से बेहिसाब नकदी की बरामदगी के मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और मांग की कि एक आचार संहिता लागू की जानी चाहिए।

---

## साय ने मध्य क्षेत्रीय परिषद में बताई छग की उपलब्धियां, बस्तर में अगली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह परिषद केन्द्र और राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय का सशक्त मंच बन चुकी है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में मध्य क्षेत्रीय परिषद ने ठोस योगदान दिया है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

- छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मध्य क्षेत्रीय परिषद बना सार्थक मंच

### सीएम साय ने किया स्वागत

मध्य क्षेत्रीय परिषद की वाराणसी में आयोजित 25वीं बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि अगली बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ के बस्तर में किया जाएगा। यह निर्णय देश के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण अंचलों को राष्ट्रीय नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समावेशी विकास और सुशासन की नीति का सशक्त प्रतीक है।

### विकास-सुशासन की दिशा में

मुख्यमंत्री ने परिषद को अवगत कराया कि पिछली बैठक में दिए गए सुझावों पर तेजी से अमल हुआ है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 28 नई बैंक शाखाएं, डॉयल-112 सेवा का ▶▶|शेष पेज 5 पर

### विकसित भारत के लिए राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका : शाह

मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद ही एकमात्र ऐसी क्षेत्रीय परिषद है, जहां दो सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार की कोई समस्या या विवाद नहीं है। गृह मंत्री ने सदस्य राज्यों की ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने को भी कहा।

---

## 1 जुलाई से महंगा होगा रेल का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल यात्रियों के लिए एक जुलाई 2025 से कई बदलाव होने जा रहे हैं। उस दिन से ट्रेन का यात्री किराया बढ़ने जा रहा है। साथ ही तत्काल टिकटों से बुकिंग का नियम भी बदल रहा है। साधारण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन-एसी) का किराया 1 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाया जाएगा। एसी क्लास में यात्रा करने वालों के लिए किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। किराऐ में यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से होगी।

सूत्र बताते हैं कि लोकल ट्रेनों और 500 किलोमीटर तक की जनरल या सेकेंड क्लास की यात्रा के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा। लेकिन, अगर आप 500 किलोमीटर से ज्यादा दूर यात्रा करते हैं, तो किराया आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा। इसके अलावा, मंथली सीजन टिकट के दाम भी नहीं बढ़ेंगे।

### लंबी दूरी की यात्रा पर होगा असर



### तत्काल टिकटों की बुकिंग में भी बदलाव

इसके अलावा, रेलवे ने एक और बड़ा फैसला लिया है। 1 जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। 10 जून, 2025 को रेलवे मंत्रालय ने सभी रेलवे जोन को एक सूचना दी है। इस सूचना में कहा गया है कि इसका मकसद ये है कि तत्काल योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे। मंत्रालय ने ये भी बताया है कि 15 जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करते समय यात्रियों को आधार कार्ड से ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) के जरिए भी वेरिफाई करना होगा। यह एक और जरूरी कदम होगा।

### ऐसा बदलाव

- लोकल ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा
- मंथली सीजन टिकट के दाम पहले जैसे ही रहेंगे
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर तक के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर किराया आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा
- मेल और एक्सप्रेस (नॉन-एसी) ट्रेनों में किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा
- एसी क्लास में किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा




# जब लोकतंत्र पर ताला लगा और अन्याय ने तांडव किया



50वीं बरसी

किरण सिंहदेव

*इतिहास को भूल जाने वाले समाज अक्सर उसे दोहराने के लिए अभिशप्त हो जाते हैं।* – ***जॉर्ज सैंटायाना***

25 जून, 1975. रात के अंधेरे में लोकतंत्र को बंदी बना लिया गया। एक हस्ताक्षर से संविधान की आत्मा को बंद दराज में डाल दिया गया।भारत ने आज़ादी के बाद पहली बार महसूस किया कि तानाशाही सिर्फ बंदूकें नहीं चलाती, वह क़ानून के पन्नों पर भी चल सकती है। 'जब संविधान मौन था, न्याय ने आँखें मूंद ली थीं और जनता की आवाज़ को जेल की सलाखों में कैद कर दिया गया था, वही था भारत में आपातकाल का दौर।' 25 जून 1975, भारतीय लोकतंत्र का वह दिन, जब प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की आत्मा को ठुकराते हुए आपातकाल लागू किया। उस एक रात में पूरे देश की अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों को रोक दिया गया। लेकिन क्या आज, 50 साल बाद, हमने उस सबसे काले अध्याय से कुछ सीखा?

मौन संविधान, बंधी अदालतें, कैद जनता - उस रात राष्ट्रपति भवन में इमरजेंसी की फाइल पर दस्तखत होते ही एक पूरी पीढ़ी की आवाज़ बंद हो गई। लोकतंत्र के तीनों स्तंभ, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका– सत्ता की छाया में समर्पण कर चुके थे।इंदिरा गांधी के चुनाव को जब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निरस्त किया, तो सत्ता की कुर्सी डगमगाई। लेकिन जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय, सत्ता ने सवाल पूछने वालों को ही जेल में डाल दिया।

जब अदालत ने भी कहा- "मूल अधिकार नहीं बचे"25 जून की रात, आपातकाल की सिफारिश राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने उस वक्त की, जब मंत्रिपरिषद की नियमित बैठक तक नहीं हुई थी। यह पहला संवैधानिक धोखा था। लेकिन उसके बाद जो हुआ, वह उससे भी ज़्यादा खतरनाक था।इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द किया जाना, और उसके बाद जेपी आंदोलन का उभार सत्ता के लिए खतरे की घंटी बन चुका था। लिहाजा, पूरे देश को 'अंदरूनी खतरे' के नाम पर बंदी बना लिया गया। सुप्रीम कोर्ट तक ने कह दिया "आपातकाल में यदि किसी को गोली भी मार दी जाए, तो कोर्ट मदद नहीं कर सकता।" इस एक वाक्य ने भारत के न्यायिक इतिहास को शर्मसार कर दिया।

प्रेस पर पहरा, लोकतंत्र पर ताले, जब कलम रो पड़ी और कागज़ चुप हो गया -'हिन्दुस्तान', 'इंडियन एक्सप्रेस', 'स्टेट्समैन' जैसे प्रतिष्ठित अखबारों के संपादक आदेशों की प्रतीक्षा में बैठे थे। क्या छापें, क्या न छापें? यह वह दौर था, जब पत्रकारिता को 'शासकीय प्रचार' में बदलने की कोशिश हुई।दैनिक अख़बारों के दफ़्तरों में रातों-रात आदेश पहुँचे। हर खबर, हर शीर्षक, सरकार की मंज़ूरी से ही छपेगा।कई अखबारों ने विरोध में कोरे संपादकीय कॉलम छापे। बीबीसी की रिपोर्टिंग पर रोक, विदेशी पत्रकारों की मान्यता रद्द, और आकाशवाणी–दूरदर्शन को सरकारी घोषणा पत्र में बदल देना। यह सब हमें याद दिलाता है कि प्रेस की स्वतंत्रता कितनी नाज़ुक और कितनी जरूरी होती है। जोकलम जनता की आवाज़ थी, वह सत्ता की तलवार बना दी गई।



**जन आंदोलन की गर्दन दबाई गई :** जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे 'सम्पूर्ण क्रांति' आंदोलन को सत्ता ने आंतरिक षड्यंत्र बताकर कुचल डाला। संघ, जनसंघ, समाजवादी, किसान संगठनों, सभी को अपराधी ठहरा दिया गया। लोकतंत्र का अर्थ, बहुमत से चुनी सरकार भर नहीं होता, वह विरोध की जगह भी देता है। लेकिन आपातकाल ने विरोध को गुनाह बना दिया। उस दौरान 1 लाख से अधिक लोग बिना मुकदमे जेलों में ठूंसे गए। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, जय प्रकाश नारायण, नानाजी देशमुख जैसे नेता थे। जॉर्ज फर्नांडिस पर राजद्रोह का मुकदमा चला, हाथ में हथकड़ी लगी तस्वीर आज भी लोकतंत्र की बेड़ियों की गवाही देती है। आरएसएस और अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया। छात्र संगठनों को कुचला गया। असहमति की हर आवाज़ को राजद्रोह घोषित कर दिया गया।

**नसबंदी, उजाड़ और अमानवीय क्रूरता :** 'विकास' के नाम पर अत्याचार, संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम ने विकास के नाम पर भय और दहशत को जन्म दिया। संजय गांधी का 'नया भारत' दरअसल नसबंदी का भयावह प्रयोग शाला बन चुका था। नसबंदी को अनिवार्य बना दिया गया, गरीबों को उठाकर शिविरों में भेजा गया, महिलाओं की गरिमा और पुरुषों की इच्छा, सबका बलिदान 'आंकड़ों' पर चढ़ा दिया गया। दर्जनों मौतें हुईं। लाखों की गरिमा रौंदी गई। दिल्ली में मुस्लिम बस्तियों को'सौंदर्यीकरण' के नाम पर तोड़ा गया, यह 'विकास' नहीं, वर्ग और समुदाय आधारित राजनीति थी।

**संविधान में सेंध:** जब संशोधनों के जरिए लोकतंत्र की नींव हिलाई गई - लोकतंत्र की जड़ों को संवैधानिक संशोधनों की आड़ में काटा जा रहा था।संसद को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 25 से अधिक संविधान संशोधन पारित कर दिए, जिनमें से कुछ ने लोकतंत्र के स्तंभों को बुरी तरह डगमगा दिया।

**39वां संशोधन:** न्यायपालिका के अधिकारों पर हमला - 10 अगस्त 1975 को पारित 39वें संशोधन का उद्देश्य साफ था, इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस ऐतिहासिक फैसले को निष्प्रभावी बनाना, जिसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को भ्रष्ट आचरण के चलते अवैध घोषित किया गया था। इस संशोधन के तहत प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष के चुनावों को न्यायिक समीक्षा से बाहर कर दिया गया। लोकतंत्र के लिए यह एक खतरनाक संकेत था कि सत्ताधारी खुद को कानून से ऊपर मानने लगे थे।

**42वां संशोधन:** 'मिनी संविधान' जिसने संतुलन बिगाड़ा - 1976 में लागू हुआ 42वां संशोधन भारतीय संविधान का सबसे बड़ा और विवादास्पद संशोधन रहा। इसे 'मिनी संविधान' कहा गया, और यह नाम यूं ही नहीं पड़ा। इस संशोधन में 59 अनुच्छेदों में परिवर्तन, 13 नए अनुच्छेदों की जोड़ और कई मौलिक अधिकारों की पुनर्परिभाषा की गई। इसके तीन सबसे गंभीर प्रभाव थे केन्द्र को असीमित अधिकार - संविधान की सातवीं अनुसूची में फेरबदल करके राज्यों की स्वायत्तता को कमजोर किया गया। न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती -सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की समीक्षा शक्तियों को सीमित कर दिया गया। मौलिक अधिकारों पर अंकुश-अनुच्छेद 31सी में बदलाव कर राज्य की नीति निर्देशक सिद्धांतों को सर्वोपरि बना दिया गया, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा सके।

इतना ही नहीं, संविधान की प्रस्तावना में 'सोशलिस्ट' और 'सेक्युलर' जैसे शब्दों को जोड़ा गया बिना किसी व्यापक बहस या सार्वजनिक संवाद के। इन संशोधनों का सामूहिक प्रभाव यह था कि संविधान की मूल आत्मा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व लगभग निष्प्राण हो गई थी।कार्यपालिका सर्वोच्च बन चुकी थी, न्यायपालिका निर्बल और विपक्ष पूरी तरह कुचला हुआ। यह सब कुछ "देश की सुरक्षा" के नाम पर हुआ, एक ऐसा जुमला, जो हर लोकतंत्र में तानाशाही का सबसे आसान बहाना बनता है।

**और फिर जनता बोली :** जब 1977 में चुनाव हुआ, तो सत्ता को विश्वास था कि लोगों को कुछ याद नहीं। लेकिन जनता ने कहा हमें सब याद है। वोट की ताकत ने सत्ता का गुमान तोड़ा, और पहली बार देश में गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। जनता ने दिखा दिया कि लोकतंत्र को सिर्फ एक वोट चाहिए होता है, सत्ता बदलने के लिए। जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत और इंदिरा गांधी की करारी हार यह इतिहास था, जो जनता ने लिखा। जनता पार्टी कीजीत सिर्फ चुनावी बदलाव नहीं था, वह भारत के लोकतंत्र की पुनः घोषणा थी।

**कांग्रेस की दोहरी नीति :** आज कांग्रेस 'संविधान बचाओ' और 'लोकतंत्र खतरे में है' जैसे नारे लगाती है, जबकि इतिहास गवाही देता है कि उसी कांग्रेस ने लोकतंत्र को सबसे पहले कुचला। जबडॉ. अंबेडकर जीवित थे, तब कांग्रेस ने उन्हें संसद से बाहर कर दिया, उनके विचारों को पाठ्य पुस्तकों से गायब किया।अब जब भाजपा डॉ. अंबेडकर को सम्मान देती है, संविधान दिवस मनाती है, तब कांग्रेस ढोंग पूर्ण नैतिकता का प्रदर्शन करती है।'जिन्होंने खुद संविधान को रौंदा, वे अब उसे बचाने का नाटक कर रहे हैं।'आपातकाल सिर्फ एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि संविधान को कागज़ पर नहीं, जन चेतना से बचाया जा सकता है।

क्या हमने कुछ सीखा? कांग्रेस आज भी उस आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगती। उस दौर को "ज़रूरी" या "ऐतिहासिक" बताना, दरअसल उस अन्याय का समर्थन करना है। कांग्रेस आज भी उस दौर को 'अनिवार्य' कह कर सही ठहराने की कोशिश करती है। ना कोई औपचारिक माफी, न आत्मचिंतन, न ऐतिहासिक क्षमा। आज वही कांग्रेस संविधान की दुहाई देती है, जबकि उसी ने उसे कुचला था। 50 साल बाद, क्या हम सचमुच सीख पाए हैं? आपातकाल हमें यह सिखाता है, प्रेस, न्यायपालिका और विपक्ष की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ है।आज जब विपक्ष फिर से 'तानाशाही' और 'संविधान खतरे में' की भाषा बोलता है, तो उन्हें पहले अपने अतीत की तरफ देखना चाहिए। लोकतंत्र जनता से चलता है, न कि सत्ता की मर्जी से। 1975 का आपातकाल भारत की चेतावनी है।यह इतिहास नहीं, वर्तमान की सावधानी है। इसलिए जरूरी है कि हम 25 जून को याद रखें केवल एक तारीख नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए दी गई सबसे बड़ी चेतावनी के रूप में।

*–प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़*

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

आपातकाल

नारायण चंदेल



## लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल भुलाया नहीं जा सकता

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करने वाला एक ऐसा कालखंड जिसकी स्याह परछाई आज भी हमें एक ओर दहशत से भर देती है वहीं यह सता लोलुप अधिनायकवादी ताकतों से सचेत रहने संदेश भी देता है। आपातकाल एक ऐसी घटना थी, जिसमें सत्ता को बचाए रखने के लिए किए जाने वाले अनैतिक उपक्रम व अहंकार को जनमानस ने देखा और सहा, अपनी कुर्सी के लिए कैसे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने जनता जनार्दन पर जिस बेरहमी से कहर बरपाया इसका दंश आज भी उस दौर की पीढ़ी को याद है, उन यातनाओं को भूलाया नहीं जा सकता। 21 महीने के उस कालखंड में तानाशाही सरकार ने प्रत्यक्ष रूप से जो किया, उसे यह राष्ट्र कभी विस्मृत नहीं कर सकता और किया भी नहीं जाना चाहिए उसे याद रखना ही आपातकाल पैदा करने वाली सोच से जागृत रहने का उपक्रम है।

25 जून 1975 के दिन इंदिरा गांधी ने देश को आपातकाल में झोंक दिया। इसके बाद आगामी 19 महीने सरकार और प्रशासन का सिर्फ एक ही कार्य था अत्याचार, अनाचार और भय पैदा करना, सामान्य जन के मूल अधिकार समाप्त कर दिए गए मीडिया और विपक्ष की आवाज़ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विपक्ष के बड़े और छोटे सभी नेता जेल में कैद कर दिए गए। पत्रकार अपनी बात नहीं कह सकते थे, यहां तक की फ़िल्म और गाने पर सेंशरशिप थी। न्यायपालिका से लेकर जनप्रतिनिधि तक हर कोई हमेशा आशंकित रहता था कि कब उसे जेल में डाल दिया जाए। खास बात यह है कि आपातकाल लगाने और उसे सही ठहराने वाले दिल्ली दरबार में लोकतंत्र का गला घोंटकर आनंदित हो रहे थे। आज 25 जून को आपातकाल की घोषणा को 50 वर्ष गुजर चुके हैं। लेकिन आज भी लोकतंत्र का यह कलंक स्वतन्त्र भारत के इतिहास का सबसे घृणित राजनीतिक घटना के रूप में याद की जाती है।

विपक्ष, मीडिया, नागरिक व सामाजिक संगठन के लोग सन 1975 के उस काले दिन को नहीं भूल सकते जब उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल घोषित कर दिया है और इसी घोषणा के साथ देश को गैर-लोकतांत्रिक प्रताड़ना से भरी व्यवस्था में धकेल दिया था। जनता की स्वतंत्रता प्रतिबंधित थी, कुछ ही मिनटों में तत्कालीन केंद्र सरकार ने लगभग भारतीय संविधान को ही निरस्त कर दिया था, नागरिकों के मूल अधिकारों सहित सभी संवैधानिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे, एक झटके में लोकतंत्र से 'लोक' हटा कर 'तानाशाही' लिख दिया गया, जिस स्वतंत्रता के लिए असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया, अमानवीय यातनाएं झेली, उस स्वतन्त्रता को इंदिरा गांधी ने पिंजरे में बंद कर दिया। हैरानी की बात यह है कि जिस संविधान की शपथ लेकर श्रीमती गांधी सत्ता पर आई, कुर्सी के लिए उसी संविधान को तिलांजलि दे दी। उन्हें मानवीय अधिकारों की भी परवाह नहीं थी।

आज जब भारत स्वतंत्रता के अमृत कालखंड में है तब हमें परिवारवाद, सियासी सामंतवाद से लबरेज ऐसी सोच से न सिर्फ सचेत रहना होगा बल्कि संविधान और लोकतंत्र के नाम पर झूठ की राजनीति करने वाले उन दलों से जागरूक रहना होगा जिन्होंने आज तक आपातकाल के लिए देश से माफ़ी मांगना तक उचित नहीं समझा।

*–लेखक, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे।*

आपातकाल




## आज की पाती

### क्या यही है भारत की वास्तविकता?

अमेरिका के विदेश विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारत में बढ़ते अपराध व विशेषकर बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए अमेरिका की महिलाएं अकेले यात्रा न करें। वास्तव में देखा जाए तो यह खबर समूचे भारत के लिए शर्मसार करने के साथ चिंताजनक है। अमेरिका की नजर में भारत अपराधों व बलात्कारियों का देश है। अपराधी व बलात्कारी को कानून व सजा का कोई खौफ नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गुनाहगार को समय–सीमा में कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलना भी अपराधियों के हौसले बुलंद करने वाला है। बढ़ते अपराध व बलात्कार के कारण देश का नाम व छवि खराब हो रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश में कन्याओं की पूजा की जाती है, उसी देश में कन्याएं व महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? *–विजय सक्सेना, दुर्ग*

आपातकाल

सच्चिदानंद उपासने



## आपातकाल... कभी नहीं भुलाया जाएगा!

हमारे देश के संविधान को पूरी तरह से कंबल में लपेटकर सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का गला घोंटकर सारी शक्ति अपने हाथ में लेने के इरादे से बनाया गया था। उस घटना को अब पचास साल होने को हैं। जैसे-जैसे सदियां खत्म हो रही है, उस घटना को कई लोग भूल रहे हैं, जबकि कुछ लोग जानबूझकर उसे गुमनामी के पर्दे के पीछे धकेलने का नेक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन चूंकि वह घटना देश के इतिहास और लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस बात का हमेशा ध्यान रखना जरूरी है कि उसे भुलाया न जाए।

25-26 जून 1975 की मध्यरात्रि को हमारी पीढ़ी का कोई भी राजनीतिक कार्यकर्ता, चाहे वह किसी भी विचारधारा का क्यों न हो, कभी नहीं भूलेगा। यह एक अभूतपूर्व अनुभव था। 1971-72 में गुजरात और बिहार में राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्रों का आंदोलन शुरू हुआ था। बहुत ही कम समय में वह आंदोलन 'नव निर्माण आंदोलन' के रूप में पूरे देश में फैल गया। लोकनायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में यह सिर्फ छात्रों का आंदोलन नहीं बल्कि एक जन आंदोलन बन गया। सत्तारूढ़ कांग्रेस के भ्रष्ट शासन के खिलाफ जनता का असंतोष चरम पर पहुंच गया था। मई 1975 के अंत में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया और उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर दी। इसके कारण देश में जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा हुई, वह कल्पना से परे थी। कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता था कि देश का राजनीतिक माहौल क्या करवट लेगा। ऐसे माहौल में 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को श्रीमती इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से आपातकाल लगाने की घोषणा की। 'देश में आंतरिक शत्रुओं द्वारा अस्थिरता पैदा करने के कारण देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है, इसलिए राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने अपने विशेषाधिकारों का प्रयोग करते हुए आपातकाल की घोषणा की है।' उन्होंने विषय-वस्तु बताते हुए यह घोषणा की।

ऑल इंडिया रेडियो पर उनके बयान के प्रसारित होने से पहले ही देशभर में पुलिस बल बेहद सक्रिय हो गया था। विपक्ष के सभी बड़े-छोटे नेताओं के घरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई थी। यह सुरक्षा व्यवस्था जिलों के शहरों तक फैली हुई थी। कुछ अभूतपूर्व और भयानक घटने वाला था। सतर्क और जानकार नागरिकों को इसका आभास था। लेकिन कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता था कि वास्तव में क्या होने वाला है। लेकिन, हाँ, अनिश्चितता और भ्रम ज्यादा देर तक नहीं रहा। श्रीमती गांधी के ऑल इंडिया रेडियो पर दिए गए बयान के तुरंत बाद, हर जगह राजनीतिक विरोधियों की गिरफ़्तारी शुरू हो गई। कुछ ही घंटों में, लाखों राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को सलाखों के पीछे बंद कर दिया गया। प्रेस पर शिकंजा कसा गया। सभी तरह के संचार बंद कर दिए गए। सिर्फ़ 48 घंटों में, पूरा देश जेल में तब्दील हो गया और आज़ाद भारत के इतिहास में एक काला अध्याय शुरू हो गया।

उन सभी घटनाओं को पचास वर्ष बीत होने को हैं। इसलिए नई पीढ़ी को उन काले दिनों और उस दौरान किए गए कुकृत्यों के बारे में बताना जरूरी है। क्योंकि जिस मानसिकता से आपातकाल लगाया गया था और देश में राजनीतिक दमन फैलाया गया था। वह पूर्ण अधिनायकवाद की मानसिकता कांग्रेस में फिर से मजबूत होने लगी है। जिस फासीवादी विचारधारा वाले लोगों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को घेर रखा था और उन्हें गुमराह किया था और उनकी आड़ में अपनी लोकतंत्र विरोधी राजनीति को अंजाम दिया था, वही विचारधारा वाले लोग आज की कांग्रेस पर काबिज हो गए हैं। इसलिए यह ध्यान में रखना चाहिए कि पचास वर्ष पहले जो लोकतंत्र पर खतरा था, वह निकट भविष्य में भी हो सकता है।

## ट्रेंड

### स्थायी विकास की नींव

हम पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों के समर्थन से, हमने अतीत के नुकसान को कम करना शुरू कर दिया है और वास्तविक, स्थायी विकास की नींव रखी है।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**



### प्रगति की समीक्षा

'लहुरी काशी" गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**-योगी आदित्यनाथ्य, सीएम, उप्र**



### डिजिटल मतदाता सूची

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में, मतदाता सूची में केवल 5 महीनों में 8% की वृद्धि हुई। हम मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### सुंदर वादियां

खुशनुमा मौसम के साथ प्रकृति की सुंदरता का करीब से दीदार करना चाहते हो तो सराज की जंजैहली घाटी अवश्य पधारें। इन दिनों यहां पर्यटकों की काफी आवाजाही बढ़ गई है। जंजैहली से अन्य सुंदर वादियों के लिए भी मार्ग जाते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

*बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।*



एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे।

## सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे



**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।


**ISBM UNIVERSITY**
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY

Ref. No. ISBMU/Rec/VC/2025/930 Date: 25.06.2025

**APPOINTMENT OF VICE CHANCELLOR**

ISBM University invites applications for the position of Vice Chancellor from interested and eligible candidates having scholarly pursuit, academic interest and administrative ability as per UGC norms and Chhattisgarh Private Universities (Establishment & Operation) Act, 2005

| S.No. | Name of Post | Eligibility |
|---|---|---|
| 1 | Vice Chancellor | A distinguished academician with minimum of ten years of experience as Professor in a University system or ten years of experience in a reputed research and / or academic administrative organization with proof of having demonstrated academic leadership. |

The applicants should submit the following documents
- A self-authenticated Resume
- A write up on previous experience as Professor/Head of an Institution and his/her contribution made for all round development & academic growth (within 1000 words)
- All self-attested certificates and mark sheets from High school level onwards
- Chronological Service career in detail including (Post held, date of appointment, date of leaving, responsibilities held)

The appointment will be made on the recommendation of the search committee.

Selection by the committee may not be limited to the applications received in response to the advertisement. The committee reserves the right to consider any other deserving person as it considers appropriate in the greater interest of the University.

Eligible candidates may sent their complete application along with copies of the testimonials by speed post/ email to the **Registrar, ISBM University Nawapara (Kosmi) Block & Tehsil - Chhura, District Gariyaband (CG) 493996, Email ID - registrar@isbmuniversity.ac.in** within 10 days from the date of publication of the advertisement.

**Registrar**

**ADDRESS FOR CORRESPONDENCE:**
**Campus:** ISBM University, Nawapara (Kosmi) Block & Tehsil - Chhura, District- Gariyaband (C.G.) - 493996
**E-mail:** registrar@isbmuniversity.ac.in | **Website:** www.isbmuniversity.ac.in


## महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स




**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है। इस सीरीज को समीक्षकों द्वारा खूब सराहना मिली है। 'महारानी' वेब सीरीज के चौथे सीजन का टीजर इस साल मार्च महीने में ही रिलीज कर दिया गया है।







परम्परा

प्रो. अश्विनी केशरवानी

## छत्तीसगढ़ का जगन्नाथ धाम शिवरीनारायण



स्कंदपुराण में भगवान नर नारायण की तपस्थली बद्रीनाथ को माना गया है, लेकिन शिवरीनारायण में भगवान नर नारायण का गुप्तवास है। यहां वे नील माधव के रूप में शबर विश्ववसु से पूजित होते रहे और पुरी जाकर भगवान जगन्नाथ कहलाए। पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तरह शिवरीनारायण का शबरीनारायण मंदिर भी तांत्रिकों के कब्जे में था, जिसे आदि गुरु शंकराचार्य और आदि गुरु दया राम ने क्रमशः पुरी और शिवरीनारायण के मंदिर को तांत्रिकों के कब्जे से मुक्त करा कर वैष्णव पीठ की स्थापना की थी। पुरी की तरह यहां भी एक गादी चौरा है जहां पर आदि गुरु दयाराम दास का तांत्रिकों से शास्त्रार्थ हुआ था। प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा से यहां वृहद मेला का आयोजन होता है, जो महाशिवरात्रि तक लगता है। इस मेले में हजारों लाखों दर्शनार्थी भगवान शबरी नारायण के दर्शन करने जमीन में लोट मारते आते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान जगन्नाथ यहां विराजते हैं और पुरी के भगवान जगन्नाथ के मंदिर का पट बंद रहता है। इस दिन उनका दर्शन मोक्षदाई होता है। इसी कारण शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ का जगन्नाथ धाम कहा जाता है।

लोक साहित्य

श्यामा सिंह

## स्वतंत्रता पूर्व का काव्य साहित्य

नरसिंह दास वैष्णव रचित शिवायन (1904 ई) छत्तीसगढ़ी की प्रथम रचना मानी जाती है, इसमें शिवजी की स्तुति कवित्त और सवैया छंद में की गई है। प. लोचन प्रसाद पाण्डेय रचित वेदना गीत (1909ई) में छत्तीसगढ़ का जयगान है, प. शुक्लाल प्रसाद पाण्डेय रचित गीया ( सन 1918 ई प्रथम बाल साहित्य) जगन्नाथ प्रसाद भानु रचित मातेश्वरी गुटका, छत्तीसगढ़ी जस गीत (लोकगीत संग्रह ) पुरुषोत्तम लाल रचित कांग्रेस आल्हा (1930 ई) गिरिवर दास वैष्णव रचित छत्तीसगढ़ी सुराज (सन 1935 ई) समाजवादी विचारधारा की कविता है। जैसे -



पराधीनता के बेड़ी बस, ओहि दिन पहरा देइस।
अपन दुख ला हमला देके, हमर सुख ले लेइस।

बोधि सिंह प्रेम रचित कोईलारी दर्शन (1937 ई) महत्वपूर्ण कृति है। जैसे-
होइस जब ले राज, अंग्रेजी सरकार के,
खुले हजारों काज, बढ़त है नित प्रति।
छत्तीसगढ़ के गोठ मा, कोइलारी के हाल,
बिगडे बने सुधरिहा, छत्तीसगढ़िया लाल।

द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र रचित कुछु काही, सुराज गीत, राम आऊ केवट संवाद, फागुन गीत प्रमुख कविता संग्रह, पंचवर्षीय योजन गीत और धमनी हाट। जैसे -
तोला देखे रहेंव गा, तोला देखे रहेंव रे,
धमनी के हाट मा बोईर तरी रे,
लकर धकर आए जोही , आंखी ल मटकाए,
कईसे जादू करे मोला, सुक्खा म रिझाए।

किशनलाल छोटे रचित लड़ाई के गीत और गीता उपदेश में श्रीमद भगवत गीता के उपदेश का छत्तीसगढ़ी में अभिव्यक्ति प्रदान करने का सार्थक प्रयास है -
अपन बराबरी सबला समझे, ककरो नहीं करे निखार।
छोटे बड़े आऊ ऊंच नीच के, जेखर मेरे न रहे करार।

इसी के साथ ही अनेक रचनाकारों में कुंज बिहारी चौबे, कोदूराम दलित, लाला जगदलपुरी, रंजन लाल पाठक, विमल कुमार पाठक, प्यारे लाल गुप्त, दानेश्वर शर्मा, गया राम साहू, केयूर भूषण, कपिलनाथ कश्यप, सीताराम शर्मा, जमुना प्रसाद कसार, मुकुंद कौशल, बाबूलाल सरिया, डा नरेन्द्र देव वर्मा, हेमनाथ यदु, नारायण लाल परमार, माखन लाल गुप्त के अलावा और भी कई नामों की लंबी श्रृंखला है।

कला जगत

डा कावेरी दाभड़कर

## मुकुटधर पाण्डेय की संगीत साधना

पमुकुटधर पाण्डेय जी की कविता सहज रूप से संगीतात्मकता को स्वीकार करती है। इसका एक कारण उनके परिवार में जहां संगीतप्रियता है, वहीं उनके काव्य में गीति के रूपांतरण दृष्टि की भी प्रतीति है। इनकी गीति रचनाओं में प्रकृति की विविध रंगी छटा, मातृभूमि और उसके परिवेश को चित्रित करने में विशेष दक्षता रखती है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ के लोक जीवन, लोक संगीत की छटा उनके काव्य में यत्र तत्र प्रतिफलित है। इसके साथ ही काव्याभिव्यक्ति के उपक्रम में संगीतमय शब्द न केवल माधुर्य का सृजन करते हैं, वरन आध्यात्मिकता को भी आधार देते हैं।



प. जी की कविताओं में महानदी की कल कल ध्वनि युक्त संगीत का बहाव दृष्टिगत होता है। उनकी कविताओं में संगीत रचा बसा है। संगीत के सभी शास्त्रीय पक्षों में से अनेक तत्व विभिन्न आयामों में उनके काव्य प्रयुक्त हुए हैं। उनका संपूर्ण काव्य प्रकृतिमयी रागात्मक संगीत बन गया है। इनकी कविताओं में संगीत का वैविध्य है। कभी संगीत सांध्यबेला की निरवता में सुनाई देने वाली ध्वनि है तो कभी भोर का स्वागत गीत। इनके लिए गीत तो ह्रदय की आग है, जागृत राग है इसलिए यह मन की जीत और ह्रदय की पावन पुनीत स्थिति की अभिव्यक्ति है -

*गीत लगा देता है उर में आग।*
*गीत जगा देता है उर में आग।।*
*गीत एक लेता है मन को जीत।*
*गीत एक देता है ह्रदय पुनीत।।*

स्वर, लय, ताल और वाद्य वृंद उनकी कविताओं में परिलक्षित है। मुरली का निनाद हो, या सितार की झंकार या लहरों का नृत्य हो, पाण्डेय जी की कविताओं में संगीत के तीनों पक्ष गायन, वादन और नृत्य का सुंदर समागम है, यथा -

*चलती हवा है ठंडी, हिलती है डालिया सब।*
*बागों में गीत सुंदर गाती हैं मालिनें अब।*
*करते हैं नृत्य वन में देखो ये मोर सारे।*
*मेंढक लुभा रहे हैं गाकर सुगीत प्यारे।*

मुकुटधर पाण्डेय जी के काव्य में शास्त्रीयता का पुट यद्यपि अल्प है तथापि संगीत के विभिन्न तत्वों का सटीक प्रयोग उनकी सांगीतिक अभिरुचि को प्रकट करता है।

• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता: शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय: सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन: 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292


# हरिभूमि क्लासिफाईड

तलाश की नई सुबह

epaper : www.haribhoomi.com

लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 6263818152


एजूकेशन स्पेशल
कोटा स्टडी सर्कल भिलाई/रायपुर
Devyansh 99.90% IIT-JEE (Adv.)
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
• कोटा ट्रेन्ड टीचर्स • हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के पृथक-पृथक बैचेस • गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग हॉस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
रायपुर (छ.ग.)
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927


## टीचर

**Requirment-** Kent International School, Jheet Patan Road-(CBSE)* Walk in Interview on 23, 24 and 25 june 2025 for the following subjects: 1.Physics, 2.English, 3.History, 4.Economics, 5.Political science, Timing: 10:30am to 12:30pm Contact no. 7880111062, Email: kentintschooldurg@gmail.com(RO-6984)

**आवश्यकता है-** टीचर्स की आवश्यकता है बी.एड. इंग्लिश मीडियम- 6000+ वेतन बी.एड. हिंदी मीडियम- 4500 + वेतन Sub- Maths, Science, English महिला को प्राथमिकता **पता- लिटिल पावर इंग्लिश मीडियम स्कूल, बोरिया खुर्द रायपुर फोन नंबर- 9039640860, 9755848827, 9039640861.**(RO-6804)

**आवश्यकता है-** विज्ञान विषय कक्षा 6वीं से कक्षा 10वीं कक्षा के तक अध्यापन हेतु हिंदी माध्यम की स्नातक स्नातकोत्तर शिक्षक /शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। **संपर्कः- भारतीयम हायर सेकेंडरी स्कूल आस्था अपार्टमेंट के पास गोरखा कालोनी न्यू शांति नगर शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर 8964026402, 9425516402.**(RO-136)

**आवश्यकता है-** रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार में- लेडी प्रिंसीपल (बी.एड.), क्लर्क, कम्प्यूटर टीचर, अंग्रेजी माध्यम हेतु- पीपीटू सम्पूर्ण विषय, 6वीं से 10वीं- साइंस, इंगलिश, हिंदी, संस्कृत, 11वी-12वीं बीएसटी, इंग्लिश, बायो, हिंदी शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, चपरासी की आवश्यकता। **साक्षात्कार 27.06.2025, प्रातः 10बजे अश्वनीनगरः 0771-2241548** (RO-6985)

**आवश्यकता है-** शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। लेखाशास्त्र संस्कृति एवं विज्ञान समूह का नया सवेरा हायर सेकेंडरी स्कूल गोकुल नगर, रामनगर रायपुर (छत्तीसगढ़) **संपर्क करें- 9993453324.**(RO-6811)

## सेल्समैन

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मो , 7469980000, 07714075490.**(RO-6801)

## ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर में कार्य करने के लिए ऑपरेटर की आवश्यकता है। **संपर्क करें- श्री राधेकृष्ण एजेंसी, 8 न्यू ब्लॉक, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, रायपुर बायोडाटा भेजे - 9009449977.** (RO-398)

## आवश्यकता

**आवश्यकता है-** कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है रामनगर गुढ़ियारी के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी कार्य का समय सुबह 11:30 से शाम 6:30 तक वेतन 400/- प्रतिदिन **संपर्क - 6260088185** (RO-7221)

## गार्ड/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, हाउस कीपिंग (महिला, पुरुष) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी को प्राथमिकता **सम्पर्क करें - ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752448013**(RO-38035)

## Appointment आवश्यकता

## सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016,** (RO-074)

## पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा, 94242-25533.** (RO-06)

## ऑफिस बॉय/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** 10वीं पास ऑफिस बॉय एवं मैकेनिकल सुपरवाइजर **संपर्क करें - BLCHEM INDUSTRIES दीक्षित कलोनी भिलाई MO:- 89658-39883.** (आरो न.-776)

## बिलिंग कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में TALLY में बिलिंग के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है **मो.7067048454.** (RO-6810)

## ऑफिस बॉय चपरासी

**आवश्यकता है-** फाफाडीह जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय / चपरासी की आवश्यकता है। स्वयं का वाहन अनिवार्य। 25 वर्ष तक के कम पढ़े लिखे ग्रामीण व शहरी लड़के **संपर्क करें - 9300593000.**(RO-7215)

## आफिस कार्य

**आवश्यकता है-** प्रॉपर्टी ऑफिस में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है उम्रः 18 से 25 वर्ष, लोकेशनः रिसाली धनोरा वेतनः योग्यतानुसार + कमीशन **संपर्क करें :- मो.- 98279-20202.** (आरो न.-778)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र, छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- **संपर्कः- 8815522974, 7869296951.**(RO-135)

## अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(धीरेंद्र कुमार)- 7392890179.**(RO-985)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8929595380.**(RO-982)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- **9798472261.**(RO-989)

## Property प्रापर्टी

**बेचना है-** कृषि भूमि अतिशीघ्र बेचना है ग्राम- रामपुर तहसील- दाढ़ी जिला- बेमेतरा (छ.ग.) में। **सम्पर्क करें- 8817731165.**(RO-38078)

## Medical चिकित्सा

**चिकित्सक-** निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श - 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार- रविवार शाम 6:00 से 8:00 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें **मो. 7240844677, 9407335377 महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य 504- सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर** (RO-A)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** 2025-2026 पूर्णतः निःशुल्क संस्कृत माध्यम , देववाणी प्राच्य संस्कृत विद्यालय, पहली से बारहवीं तक संस्कृत साहित्य, व्यवसायिक संस्कृत, आधुनिक समस्त विषय, समस्त बच्चों को सभी शासकीय सुविधाएं उपलब्ध देववाणी प्राच्य **संस्कृत विद्यालय रामनगर भिलाई मो.74891-79859, 96919-67023.** (आरो न.-7184)

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्कः-** APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603. (RO-080)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि क्लासीफाईड


Healthcare

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
• निम्न बीमारियों का स्थाई इलाज इम्युन पावर पर आधारित है जो केवल आयुर्वेद के रसशास्त्र द्वारा ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है अनेको लोग रोग मुक्त हो चुके है।
• ध्यान रहे पुरूष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है। नीम हकिमों से सावधान।
• क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलीयो का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
• क्या आपको किसी प्रकार के वायरल संक्रमण रोग है हेपाटाइटिस (A.B.C) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रूबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक) H.I.V. (AIDS) एड्स एच. आई. वी. रोग है।
• क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है।
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# क्लीन बोल्ड होने के बाद भी मैदान से बाहर नहीं गया बल्लेबाज, रिव्यू की कर डाली मांग

एजेंसी ▶▶| सैन फ्रांसिस्को

मेजर लीग क्रिकेट 2025 में एक ऐसा मजेदार वाकया हुआ, जिसने क्रिकेट प्रेमियों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। एक बल्लेबाज क्लीन बोल्ड होने के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हुआ और रिव्यू की मांग कर डाली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, मेजर लीग क्रिकेट का 14वां मैच सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्नस और एमई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया। इस मुकाबले में यूनिकॉर्नस ने 47 रनों से जीत हासिल की लेकिन न्यूयॉर्क के माइकल ब्रेसवेल ने कुछ ऐसा किया, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।



### क्लीन बोल्ड होने के बाद लिया रिव्यू

इस मुकाबले के दौरान न्यूयॉर्क के लिए माइकल ब्रेसवेल बल्लेबाजी करने के लिए आए तो वहीं दूसरी तरफ रोमारियो शेफर्ड गेंदबाजी कर रहे थे। उन्होंने ब्रेसवेल को पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड कर दिया। ऐसे में जब अंपायर ने अपनी उंगली ऑउट देने के लिए उठाई, तो ब्रेसवेल ने तुरंत रिव्यू की मांग कर डाली। ब्रेसवेल को ये अंदाजा नहीं था कि वे क्लीन बोल्ड हो गए हैं और जैसे ही उन्हें पता चला वे क्लीन बोल्ड हो गए हैं तो स्वयं ही मैदान से बाहर चले गए।

### सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्नस की मुकाबले में जीत

यूनिकॉर्नस और न्यूयॉर्क के बीच खेले गए इस मुकाबले में फ्रांसिस्को यूनिकॉर्नस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 246 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। कप्तान मैथ्यू शॉर्ट ने 43 गेंदों पर 91 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 247 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी न्यूयॉर्क की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 199 रन ही बना सकी और मुकाबले में उन्हें 47 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

# ईशान किशन ने पाकिस्तानी खिलाड़ी के साथ मनाया जश्न, फैंस ने उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶| नाटिंघमशायर

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन उस समय विवादों में आ गए, जब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह काउंटी चैंपियनशिप में पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद अब्बास के साथ जश्न मनाते नजर आए। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के बीच इस वीडियो ने फैंस के बीच बहस छेड़ दी है। कई प्रशंसकों ने ईशान के इस व्यवहार पर सवाल उठाए हैं।



### अब्बास की बॉल पर ईशान ने लिया कैच

ईशान किशन इन दिनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। उनकी टीम में पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास भी शामिल हैं। एक मैच के दौरान अब्बास की गेंद पर बल्लेबाज का कैच उठा, जिसे विकेटकीपर ईशान ने लपक लिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी खुशी में एक साथ जश्न मनाते दिखे। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

### फैंस की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही

वायरल वीडियो को लेकर फैंस दो हिस्सों में बंट गए हैं। कुछ लोग इसे सामान्य खेल भावना मानते हैं और कहते हैं कि मैदान पर सभी खिलाड़ी एक-दूसरे के साथी होते हैं। वहीं, कुछ फैंस का मानना है कि भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात में ईशान को जश्न मनाने से बचना चाहिए था। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ईशान को थोड़ा संभलकर व्यवहार करना चाहिए था। यह समय संवेदनशील है। वहीं, एक अन्य फैन ने समर्थन में कहा, खेल में दोस्ती और प्रतिद्वंद्विता दोनों होती है। ईशान ने कुछ गलत नहीं किया।

## खबर संक्षेप



### पंत ने दोबरा ये गलती की तो आईसीसी लगा देगी बैन

**हेडिंग्ले।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। अगर पंत ने दोबारा ऐसी गलती की, तो उन पर बैन का खतरा मंडरा सकता है। हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान ऋषभ पंत ने मैदान पर गलत व्यवहार किया। 27 साल के इस खिलाड़ी ने अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताई, जिसके कारण उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह विवाद इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुआ, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत ने गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस की। अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच की और उसे बदलने से मना कर दिया। इस पर पंत ने गुस्से में गेंद को जमीन पर फेंककर अपनी नाराजगी जाहिर की।

### गेम्सक्राफ्ट ने चार खेल संस्थाओं के साथ करार

**नई दिल्ली।** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट, अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है।

### पारस एशियाई स्नूकर के सेमीफाइनल में

**कोलंबो।** भारत के पारस गुप्ता ने मंगलवार को यहां एसीबीएस एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में सनी वांग को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आगरा के 29 वर्षीय क्यू खिलाड़ी पारस ने सिंगापुर के खिलाड़ी के खिलाफ 5-0 (35-28, 44-9, 40-2, 53-12, 59-0) की आसान जीत दर्ज की। वांग ने पाकिस्तान के पूर्व चैंपियन मोहम्मद सज्जाद को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। पारस सेमीफाइनल में हबीब सबा (बहरीन) और अली अल ओबैदली (कतर) के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारत को 5 विकेट से हराया, बने कई रिकॉर्ड्स

## डकेट ने लगाया शतक, पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से आगे

एजेंसी ▶▶| हेडिंग्ले

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराते हुए सीरीज में 0-1 से बढ़त हासिल की। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को मेजबान टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। भारत की ओर से फील्डिंग में बहुत कैच छोड़े गए, जिसका खामियाजा मेहमान टीम को भुगतना पड़ा। सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेन डकेट ने 149 और जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत से शार्दूल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। मैच में भारतीय टीम से 9 कैच ड्रॉप हुए। टीम ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 3 कैच छोड़े।



### गिल ने कप्तानी में डेब्यू के साथ रचा इतिहास

गिल टेस्ट कप्तान के रूप में पहली पारी में शतक जड़कर इतिहास रच दिया था। वह भारत के उन चुनिंदा कप्तानों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में ही शतक लगाया। उनसे पहले यह कारनामा विजय हजारे (1951, दिल्ली) सुनील गावस्कर (1976, ऑकलैंड) और विराट कोहली (2014, एडिलेड) ने किया था। हेडिंग्ले में मंसूर अली खान पटौदी (1967) और सौरव गांगुली (2002) के बाद टेस्ट शतक लगाने वाले गिल तीसरे भारतीय कप्तान बने हैं।

### पंत ने दोनों पारियों में लगाए शतक

पंत इस शतक के साथ ही एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले दुनिया के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एंडी फ्लावर ने यह कारनामा किया था। उन्होंने साल 2001 में हरारे में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 142 और 199* के स्कोर बनाए थे। इन दोनों के अलावा अन्य कोई विकेटकीपर ऐसा नहीं कर पाया है।

### बुमराह ने पहली पारी में लिए 5 विकेट

बुमराह ने पहली पारी में 83 रन देते हुए 5 विकेट लिए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएलए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए।

### इस तरह से जीती इंग्लिश टीम

भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल (101), शुभमन गिल (147) और ऋषभ पंत (134) के शतकों की बदौलत 471 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने ओली पोप (106) और हैरी ब्रूक (99) की पारियों की बदौलत 465 रन बनाए। भारत से बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसके बाद भारत ने केएल राहुल (137) और पंत (118) की बदौलत 364 रन बनाए। आखिर में इंग्लैंड से बेन डकेट ने शतक (149) लगाया और रूट ने जीत दिलाई।

### 15 साल बाद किसी इंग्लिश सलामी बल्लेबाज ने चौथी पारी में जड़ा शतक

*डकेट ने इस शतक के साथ अहम मुकाम हासिल किया है। वह डेढ़ दशक बाद किसी टेस्ट की चौथी पारी में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले आखिरी बार 2010 में एलिस्टर कुक ने बतौर सलामी बल्लेबाज शतक जड़ा था। बता दें कि कुक ने मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पारी में नाबाद 109 रन बनाए थे। इसके साथ-साथ यह डकेट का दूसरी पारी में पहला शतक है।*

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 471 रन,
इंग्लैंड पहली पारी : 465 रन
भारत दूसरी पारी : 364 रन

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो कृष्णा | 65 | 126 | 21 | 1 |
| बेन डकेट का रेड्डी बो ठाकुर | 149 | 170 | 21 | 1 |
| ओली पोप बो कृष्णा | 08 | 08 | 2 | 0 |
| जो रूट नाबाद | 53 | 84 | 6 | 0 |
| हैरी ब्रूक का पंत बो ठाकुर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स का गिल बो जडेजा | 33 | 51 | 4 | 0 |
| जैमी स्मिथ नाबाद | 44 | 55 | 4 | 2 |

अतिरिक्त : 21 रन, योग : 82 ओवर में 373/5 रन
गेंदबाजी : बुमराह 19-3-57-0, सिराज 14-1-51-0, जडेजा 24- 1-104-1, कृष्णा 15-0-92-2, ठाकुर 10-0-51-2

## क्रिकेट

# तिलक का काउंटी चैंपियनशिप में डेब्यू, पहली पारी में ही जड़ा शतक



एजेंसी ▶▶| हैम्पशायर

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपना काउंटी क्रिकेट में जोरदार डेब्यू किया है। उन्होंने हैम्पशायर का प्रतिनिधित्व करते हुए एसेक्स के खिलाफ मुकाबले में शतक (100) लगाया है।

यह उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का कुल छठा शतक रहा। उनकी इस पारी की मदद से हैम्पशायर ने पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की है। हैम्पशायर ने जब 34 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब तिलक क्रीज पर आए। उन्होंने एक छोर से टिककर बल्लेबाजी की और फ्लेचा मिडलटन (61) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने कप्तान बेन ब्राउन (40) के साथ मिलकर 68 रन जोड़े। डटकर बल्लेबाजी कर रहे तिलक 241 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 11 चौके और 3 छक्के भी लगाए।

### ऐसा है तिलक का प्रथम श्रेणी करियर

तिलक ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 19 मैच खेले हैं, जिसमें 50 से अधिक की उम्दा औसत के साथ 1,304 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 6 शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 121 रन रहा है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 36 मैच खेले हैं, जिसमें 48.19 की औसत के साथ 1,494 रन बनाए हैं। उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 5 शतक भी लगाए हैं।

**हैम्पशायर ने हासिल की बढ़त** : काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन के 37वें मैच में एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296 रन बनाए। एसेक्स की ओर से चार्ली एलिसन ने शतक (101) लगाया। जवाब में हैम्पशायर ने 101 ओवर खेलने के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 339 रन बनाए हैं।हैम्पशायर से तिलक के अलावा लियाम डावसन ने भी शतक लगाया है और अपनी टीम को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अभनपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना** जारी दिनांक 20/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा टेमरी** (शाखा प्रबंधक ) निवासी **शाखा टेमरी** द्वारा आवेदित भूमि ग्राम उरला, प०ह०नं० 20, रा०नि०मं० व तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर **117/3, 117/6, 124/3** रकबा **0.203, 0.089, 0.203** हे० का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक **26/06/2025** को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 20 के राजस्व निरीक्षक अभनपुर स्थित कार्यलय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है । इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा ।

**राजस्व निरीक्षक**
**अभनपुर**

# ललित-दास को मुंबई अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त





एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली। ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया।

### खिलाड़ियों के अंक

संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के आठ मैच में सात अंक हैं। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

### मिलन रथनायके दूसरे टेस्ट से बाहर

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने दूसरे मैच के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि मिलन रथनायके पहले टेस्ट के दौरान बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे।

### दूसरे टेस्ट मैच से फिट हुआ आर्चर



**हेडिंग्ले।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच से पहले भारतीय टीम के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्चर ने हाल ही में काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस का सबूत दिया है, जो भारतीय बल्लेबाजों के लिए खतरे की घंटी है। आर्चर ने 2021 के बाद से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। चोटों के कारण वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे।

# एलिसा हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप और 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है।

पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है।



### मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं

हीली ने कहा, ''कभी-कभी जीवन में ऐसी चीजें होती हैं जो हरे और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने से थोड़ी अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए यह सिर्फ लगातार आकलन है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन इस समय मैं निश्चित रूप से स्वदेश में गर्मियों में खेलना चाहती हूं। मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं लेकिन भारत के खिलाफ (2026 में घरेलू मैदान पर) भी खेलना चाहती हूं।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

RC/378/2024 11.06.2025

IDBI BANK
Versus
PURUSHOTTAM LAL CHANDRAKAR

To,
(CD1) PURUSHOTTAM LAL CHANDRAKAR
KURMI PARA, DEVBALUADA, WARD No. 29, CHARODA, TEH-PATAN, DIST-DURG (C.G.)-490001
(CD2) MONIKA CHANDRAKAR
KURMI PARA, DEVBALUDA, WARD NO. 29, CHARODA, TEH-PATAN, DIST-DURG (C.G.)-490001

Whereas you the **PURUSHOTTAM LAL CHANDRAKAR** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **15/09/2024** in **OA/354/2021** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 4012414.18 (Rupees Forty Lakhs Twelve Thousands Four Hundred Fourteen And Paise Ten Eight Only)** along with pendentellite and future interest @ 9.75 % w.e.f. **16/06/2021** till realization and costs of **Rs 43000 (Rupees Forty Three Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **07/08/2025** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property-
Agriculture Land bearing Khasra No.-103/1 (3.24 hect.) & Khasra No.-225/1 (1.03 Hect.) total area 4.87 Hectares, situated at Village- Devbaluada Charoda, Tehsil- Patan, District- Durg (C.G.); belonging to Purushottam Lal Chandrakar S/o Shri Jagdish Prasad Chandrakar.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **11/06/2025**

SEAL
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur





# रथ यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें

पूर्व तट रेलवे द्वारा समर्पित सेवा



**01. गुण्डिचा यात्रा के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपूर-पुरी | 26.06.25 | 1830 | 27.06.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 27.06.25 | 0615 | 27.06.25 | 1320 |

**02. गुण्डिचा यात्रा के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 27.06.25 | 1940 | 28.06.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 28.06.25 | 0245 | 28.06.25 | 1230 |

**03. बाहुड़ा यात्रा के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपूर-पुरी | 04.07.25 | 1830 | 05.07.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 05.07.25 | 0615 | 05.07.25 | 1320 |

**04. बाहुड़ा यात्रा के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 05.07.25 | 1940 | 06.07.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 06.07.25 | 0245 | 06.07.25 | 1230 |

**05. शुना बेस के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपूर-पुरी | 05.07.25 | 1830 | 06.07.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 06.07.25 | 0615 | 06.07.25 | 1320 |

**06. शुना बेस के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 06.07.25 | 1940 | 07.07.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 07.07.25 | 0245 | 07.07.25 | 1230 |

**07. रथ यात्रा के दौरान पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08429 | पलासा-पुरी | 26.06.2025 से 07.07.2025 | 2130 | अगले दिन | 0630 |

**08. रथ यात्रा के दौरान पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08430 | पुरी-पलासा | 27.06.2025 से 08.07.2025 | 1430 | उसी दिन | 2115 |

**09. रथ यात्रा के दौरान पुरी आनेवाली अन्य स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08445 | जगदलपुर-पुरी | 26.06.25 एवं 04.07.25 | 0900 | अगले दिन | 0115 |
| 08313 | विशाखापट्टनम-पुरी | 27.06.25 एवं 05.07.25 | 0045 | उसी दिन | 1200 |
| *08593 | रायगड़ा-खोरधा रोड | 26.06.25 एवं 04.07.25 | 1100 | उसी दिन | 2355 |

* ट्रेन सं 08593 खोरधा रोड तक चलेगी

**10. रथ यात्रा के दौरान पुरी से आनेवाली अन्य स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08446 | पुरी-जगदलपुर | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0045 | उसी दिन | 1645 |
| 08314 | पुरी-विशाखापट्टनम | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0215 | उसी दिन | 1300 |
| *08594 | खोरधा रोड-रायगड़ा | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0100 | उसी दिन | 1500 |

* ट्रेन सं 08594 खोरधा रोड से शुरु होगी

पुरी से और पुरी के लिए रथ यात्रा स्पेशल ट्रेनें स्पेशल किराया ट्रेनों के रुप में चलेंगी।
पलासा के रास्ते पुरी आने-जाने वाली सभी ट्रेनें खोरधा रोड के बदले अरगुल-हरिपुरग्राम के रास्ते चलेंगी।

ECOR YATRA APP | UTS ON MOBILE
या प्ले स्टोर से डाउनलोड करें
यूटीएस ऑन मोबाइल पर अनारक्षित पेपरलेस टिकट के लिए

रथ यात्रा मोबाइल ऐप
सभी जानकारी के लिए पूर्व तट रेलवे रथ यात्रा मोबाइल ऐप ECOR YATRA पर जाएं।
गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करें

पूर्व तट रेलवे
www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in

डायल 139 ट्रेन से संबंधित किसी भी पूछताछ और शिकायत में सहायता के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर

D-6/25-26
www.facebook/@EASTCOASTRailway1 www.x.com/@EastCoastRail www.instagram.com/cproecor




# माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने शोक जताया

## सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे हरियाणा, यूपी, राजस्थान के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को भेजे शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मंगलरवा को हरियाणा के कई जिलों, राजस्थान और यूपी से अधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और गणमान्य लोगों का सिंधु भवन में पहुंचने तांता लगा रहा। लोगों ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया।

स्मृति



## प्रदेश भर से पहुंचे शोक जताने



माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए पदमश्री महावीर गुड्डू, उद्योगपति जगमोहन मित्तल, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल, आईएएस पीके दास, संजीव कौशल, एसपी सोनीपत नरेंद्र कादयान, पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, केके सिंधु आईएसपी रिटायर्ड, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, पूर्व मंत्री कांता देवी, विधायक रेवाड़ी लक्ष्मण यादव, विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, विधायक उचाना देवेंद्र अत्री, विधायक अलवर बाबा बालकनाथ योगी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक यूपी जितेंद्र सिंह, पूर्व विधायक यूपी तेजेंद्र निरवाल, विधायक एनआईटी फरीदाबाद सतीश फागना, पूर्व विधायक बेरी चौधरी वीरेंद्र पाल, पूर्व विधायक राजस्थान नंद किशोर मेहरिया, विधायक डबवाली आदित्य चौटाला, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता यूपी संजय लाठर, मुंडका विधायक गजेंद्र दराल, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा नेता यूपी मुनींद्रपाल, नगर निगम कमिश्नर डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, पूर्व सीएम के पूर्व ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व ओएसडी सीएम जवाहर यादव, पूर्व ओएसडी सीएम डॉ योंगेंद्र मलिक, नगर निगम मेयर हिसार प्रवीन पोपली, नगर परिषद चेयरमैन झज्जर कप्तान बिरधाना, भाजपा जिलाध्यक्ष हिसार अशोक सैनी, जिला प्रभारी गोहाना डॉ किरण कलकल, जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ यतींद्र राव, जिलाध्यक्ष गोहाना विजेंद्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्रगढ़ राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर विजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर राजपाल जांगड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष सिरसा अमीचंद मेहता, प्रदेश सचिव भाजपा गार्गी गक्खड़, महाराज जसमेर महरौली दिल्ली, अहलावत चौरासी खाप प्रधान हरदीप अहलावत, भाजपा नेता अमन गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष पलपल जवाहर सरौत, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कार भारती विजय कुमार, जिला संघ चालक आरएसएस रोहतक देवेंद्र गोयल, नगर संघ संचालक सुरेश बंसल, विहप नेता तिलक राज जुनेजा, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष आहुजा, भाजपा नेता मुकेश गौड व पंडित नरेन्द्र वत्स जिला प्रभारी फरीदाबाद शामिल रहे।

## नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी संस्कारशील महिला थीं। उनके द्वारा संजोए गए संस्कारों की छाप पूरे सिंधु परिवार में दिखाई दे रही है। जब पूरा देश राष्ट्र निर्माण में सिंधु परिवार के योगदान को देखता है, तो इसमें स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी और स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी का अमूल्य योगदान है। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है।
- यूपी के मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।
- पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर रहा। उन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। उनके आदर्श आज भी हमें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की प्रेरणा देते हैं।
- पूर्व मंत्री सिमा त्रिखा ने कहा एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने परिवार को ऐसे संस्कार दिए, जिसकी वजह से वह देश हित में कार्यरत हैं।
- पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। स्वर्गीय मित्रसेन सिंधू जी और माता परमेश्वरी देवी के समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।
- महाराज राजेंद्र दास जी महाराज जटेला धाम ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान मिले। साथ ही ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कैमरा ने भेजी ब्रह्मांड की पहली तस्वीर

वॉशिंगटन। इन तस्वीरों से पता चलता है कि दूरबीन ब्रह्मांड की अंधेरी गहराइयों में कितनी अच्छी तरह देख सकता है। इसने जो तस्वीर भेजी है उससे साफ देखा जा सकता है कि धरती से 9000 लाइट ईयर दूर ऐसी जगह है, जहां नए तारे बन रहे हैं। तस्वीर में उस जगह पर गैस और धूल के बड़े-बड़े रंगीन बादल घूमते हुए दिख रहे हैं।

## दिखाएगा अरबों साल पुरानी आकाशगंगाएं



### दुनिया का सबसे ताकतवर टेलीस्कोप

इस टेलीस्कोप का नाम वेरा सी रुबिन है, जिसमें दुनिया का सबसे ताकतवर डिजिटल कैमरा लगा है। इससे ब्रह्मांड को समझने की क्षमता में काफी विस्तार हो सकता है। साथ ही वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हमारे सोलर सिस्टम में कोई नौवां ग्रह मौजूद है तो ये पहले ही साल में उसे भी खोज लेगा।

### क्या है इसका लक्ष्य?

कमीशनिंग वैज्ञानिक एलाना उरबाक बताती हैं कि तारों से मिलने वाली रोशनी इसके नेविगेशन के लिए काफी है।



उन्होंने ये भी बताया कि इस वेधशाला का एक बड़ा लक्ष्य ब्रह्मांड के इतिहास को समझना है। इसका मतलब है कि यह टेलीस्कोप अरबों साल पहले हुए धुंधली आकाशगंगाओं या सुपरनोवा विस्फोटों को भी बहुत आसानी से देख पाएगा। इस दूरबीन का डिजाइन बहुत ही खास है, रात के समय आसमान से निकली रोशनी दूरबीन में आती है। सबसे पहले प्राइमरी मिरर (8.4 मीटर चौड़े) से टकराती है और इसके बाद सेकेंड्री मिरर (3.4 मीटर) पर जाती है, वहां से तीसरे मिरर (4.8 मीटर) पर रिफ्लेक्ट होती है और अंत में कैमरे तक पहुंचती है।

### एस्टेरॉयड का लगाएगा पता

इसके अलावा यह धरती के आस-पास से गुजरने वाले खतरनाक क्षुद्रग्रहों का भी पता लगाएगा और हमारी आकाशगंगा जिसे हम मिल्कीवे भी कहते हैं, इसका पूरा नक्शा बनाएगा। प्रेस कॉनफ्रेंस में बताया कि दूरबीन ने महज 10 घंटे में ही धरती के पास मंडरा रहे 2,104 नए एस्टेरॉयड्स और 7 स्पेस ऑब्जेक्ट्स की भी खोज की है।










## उम्मीद से तीन गुना लगी बोली

# 9 करोड़ में नीलाम हुई आइंस्टीन की फेमस थ्योरी वाली चिट्ठी



लंदन। दुनिया से सबसे महान वैज्ञानिकों में से एक और सबसे तेज बुद्धि के मालिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने जिस चिट्ठी पर ई=एमसी2 लिखा था, वह नीलाम हो गई है। इस चिट्ठी का ऑक्शन बोस्टन स्थित आरआर नीलामी ने किया था। आरआर नीलामी की तरफ से कहा गया है कि चिट्ठी की नीलामी से जो कीमत मिली है, वह उम्मीद से तीन गुनी अधिक है, लेकिन यह बहुत ही कम लोग जानते हैं कि ऐसी ही 3 चिट्ठियां और भी हैं जिसपर फेमस थ्योरी ई=एमसी2 लिखा हुआ है। आपको जानकर हैरानी होगी की अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने जीवन में कुल 4 बार ही ई=एमसी2 लिखा था।

### 1.2 मिलियन डॉलर की लगाई बोली

नीलामी से पहले तक यह चिट्ठी इस महान वैज्ञानिक के प्राइवेट कलेक्शन में ही रखी हुई थी। ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि इस चिट्ठी की कीमत लगभग 4 लाख डॉलर तक लगाई जा सकती है, लेकिन सभी की उम्मीदों को पीछे छोड़ते हुए 3 गुना अधिक बोली लगी यानि कि 1.2 मिलियन डॉलर की लगाई गई।

### क्या है ये थ्योरी?

ई=एमसी2 की यह थ्योरी गणित और विज्ञान दोनों में ही सबसे अधिक चर्चित और प्रसिद्ध थ्योरी मानी जाती है। इसी की मदद से आइंस्टीन ने दुनिया को पहली बार ऊर्जा और द्रव्यमान के बार में समझाया था। इस थ्योरी को उन्होंने सिर्फ 4 बार ही कागज पर लिखा था, जो इसे और भी खास बनाने की वजहों में से एक बनाता है। कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम में आइंस्टीन पेपर्स प्रोजेक्ट के पुरालेखपाल कहते हैं कि अलबर्ट आइंस्टीन ने अपने जीवन में चार बार ही ई=एमसी2 लिखा था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com